आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 6, अंक 208, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12
सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

# ट्रंप ने जी-7 छोड़ा, तेहरान खाली करने की चेतावनी

## ईरानी सेना का डिप्टी कमांडर भी मारा गया, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। 'एयर फोर्स वन' में सवार पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि उन्होंने तेहरान को खाली करने का अनुरोध क्यों किया, इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली सैन्य बलों ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के उच्च पदस्थ जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था।



कनाडा में जी-7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप।

### ट्रंप ने कहा- वह जानते हैं कहां छिपे हैं खामेनेई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष (धार्मिक) नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन वह फिलहाल उन्हें मारना नहीं चाहता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया, क्योंकि पांच दिन से जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने कहा, हमें अच्छी तरह पता है कि तथाकथित सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं। ट्रंप ने कहा, वह एक आसान निशाना हैं, लेकिन वहां सुरक्षित हैं, हम उन्हें अभी मारने नहीं जा रहे हैं, कम से कम फिलहाल तो नहीं।

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

# एअर इंडिया की 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया।

सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी। वहीं, अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है।



- सैन फ्रांसिस्को मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

### एअर इंडिया बोइंग 787 की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई: डीजीसीए

**मुंबई।** डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई। बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों से संचालित होने वाली कम से कम 66 उड़ानों को रद्द किए जाने के बीच डीजीसीए अधिकारियों ने एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में डीजीसीए ने एअर इंडिया में हाल में सामने आए रखरखाव संबंधी मुद्दों के बारे में चिंता जताई।

# प्रदेश में बारिश, बिजली और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ।** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में प्री मानसून की बारिश हो रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज आदि जिले शामिल हैं।



- 19 से 21 जून के बीच मूसलाधार बारिश की संभावना

# कनाडा पहुंचे मोदी, ग्लोबल साउथ होगा प्रमुख प्राथमिकता

कैलगरी (कनाडा), एजेंसी

- ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी व नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।



प्रधानमंत्री मोदी का कनाडा हवाईअड्डे पर हुआ विशेष स्वागत।






## एक नजर

### बंदरों के हमले से वृद्ध महिला घायल

**निगोही, अमृत विचार** : गांव जिन्दपुरा निवासी मेहरू निशा (62 वर्ष) पत्नी नन्हे बक्श मंगलवार सुबह छत पर कपड़े उतारने गई थीं, तभी बंदरों झुंड आ गया और उसने उन पर हमला कर दिया, जिसमें मेहरू निशा घायल हो गईं। उन्हे सीएचसी में भर्ती कराया है।

### खोखे का ताला तोड़कर पान पुड़िया सिगरेट चोरी

**खुटार, अमृत विचार** : मोहल्ला इंदिरानगर में निर्मला देवी सड़क किनारे खोखा रखकर पान की पुड़िया, सिगरेट आदि छुटपुट सामान बेचती हैं। मंगलवार सुबह खोखा खोलने के लिए पहुंची, तो खोखा की खिड़की के ताले टूटे और सामान बिखरा पड़ा था। सामान गायब था। 100 वाट का सोलर पैनल भी गायब था। मामले की तहरीर थाने पर दे दी।

### एडीआरएम आज करेंगे निरीक्षण

**शाहजहांपुर**, मुरादाबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा सुनील कुमार तिवारी बुधवार को दोपहर साढ़े 12 बजे यहां पहुंचेंगे। रेलवे स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण करेंगे।

# सरकारी जमीन पर बनाया बुद्धा पार्क

## अभिलेखों में नलकूप विभाग के नाम दर्ज है भूमि, विभाग ने लगाया अपना साइन बोर्ड

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** बसपा शासन काल में जिस पांच एकड़ जमीन पर मूर्तियां स्थापित कर बुद्धा पार्क बनाया गया था, वह जमीन राजस्व अभिलेखों में नलकूप विभाग की निकली,जिस पर मंगलवार को नलकूप विभाग ने अपना साइन बोर्ड लगा दिया और चेतावनी दी कि इस जमीन पर कब्जा करने या खुर्दबुर्द करने के साथ ही निर्माण कार्य करने का प्रयास किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर से सटे पुवायां रोड पर 5 एकड़ से अधिक भूमि पड़ी है। जिस पर बसपा शासनकाल में बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की मूर्तियां लगाकर उसकी चाहरदीवारी कर दी गई थी। इसके बाद कुछ लोगों ने उक्त भूमि को बुद्ध पार्क की भूमि बताते हुए एक कमेटी गठित कर ली थी लेकिन इस कमेटी का कहीं पर कोई रजिस्ट्रेशन आदि नहीं कराया गया था। हाल ही में उक्त बुद्धा पार्क में ओपन जिम खुलवाने के लिए राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने पार्क का निरीक्षण किया था और शासन से ओपन जिम खुलवाने की प्रक्रिया शुरू कराई थी लेकिन कथित तौर पर संचालित हो रही बुद्धा पार्क की कमेटी ने ओपन जिम खुलवाने का विरोध कर दिया था। जिसके बाद ओपन जिम खुलने की प्रक्रिया को रोक दिया गया था। इसके बाद शासन और तहसील प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और बुद्धा पार्क की भूमि की जांच पड़ताल कराने के साथ ही इसकी पैमाइश कराई, तो उक्त भूमि सिंचाई विभाग नलकूप खंड के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज मिली। जिसके बाद राजस्व विभाग ने इसकी रिपोर्ट सिंचाई विभाग नलकूप खंड प्रथम शाहजहांपुर को भेज दी थी।



बुद्धा पार्क में सिंचाई विभाग का बोर्ड लगाते नलकूप के कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **बसपा शासन काल में पांच एकड़ जमीन पर मूर्तिया स्थापित कर बना दिया गया था पार्क**
- **सांसद मिथिलेश कुमार ने पार्क में ओपन जिम खुलवाने को कहा था नापजोख हुई तो खुली पोल**

> जिस जमीन पर मूर्तियां स्थापित कर बुद्धा पार्क बनाया गया है, वह जमीन राजस्व अभिलेखों में नलकूप विभाग की है, जिस पर विभाग का साइन बोर्ड लगा दिया गया और इस जमीन पर अवैध अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है।
>
> **नरोत्तम दिवाकर**, सहायक अभियंता, नलकूप खंड, सिंचाई विभाग प्रथम

राजस्व अभिलेखों में नलकूप सिंचाई विभाग के नाम बुद्धा पार्क की भूमि निकलने पर शासन के आदेश पर मंगलवार को नलकूप खंड सिंचाई विभाग प्रथम शाहजहांपुर के सहायक अभियंता नरोत्तम दिवाकर के नेतृत्व में नलकूप के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त पार्क को अपने कब्जे में लेने के साथ ही पार्क के गेट पर नलकूप सिंचाई विभाग का बोर्ड लगाते हुए उक्त भूमि को अपना बताते हुए हिदायत दी कि किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने या उसे खुर्दबुर्द करने के साथ ही निर्माण कार्य करने का प्रयास किया गया, तो उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद से कथित बुद्धा पार्क कमेटी के लोगों में खलबली मची हुई है।

### राष्ट्रीय गौरक्षक संघ ने कराया खिचड़ी भोज

**मीरानपुर कटरा।** मंगलवार को राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की ओर से जैतीपुर रोड स्थित काली माता मंदिर स्थित हनुमत धाम पर खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजीत शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजीव गंगवार, नगर अध्यक्ष कृष्णा गंगवार, शिवम गंगवार, रिंकू गंगवार,बजरंग दल के रिशु गुप्ता,नितिन गुप्ता, काली मंदिर के पुजारी प्रमोद बाबा , हनुमत धाम के पुजारी विनोद नाथ, प्रकाश गंगवार मौजूद रहे। कन्याओं, राहगीरों समेत कटरा थाना के प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सड़क हादसे में चाचा भतीजा घायल

**मीरानपुर कटरा।** बाइक सवार चाचा भतीजा ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर घायल हो गए। सालपुर गांव के जयवीर (38) भतीजे वीरेंद्र (28) के साथ दोपहर कस्बे की बाजार बाईक पर आ रहे थे। खुदागंज रोड पर एसके मैरेज हाल के सामने नगर पंचायत का कूड़ा ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गयी। दोनों घायल हो गए।

# मुकदमा खत्म कराने के नाम पर एक लाख हड़पे



सीओ ज्ञापन देने पहुंचे मझोला गौटिया के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- **मझोला गौटिया के ग्रामीणों ने सीओ को दिया ज्ञापन**
- **रुपये हड़पने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

अमृत विचारः एक युवक से मुकदमा खत्म कराने के नाम पर दो लोगों ने एक लाख रुपये हड़प लिए है। पीड़ित और उसके परिवार वालों ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ अजय कुमार राय को ज्ञापन सौंपा।

गांव मझोला गोटिया के ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर बताया पीड़ित अनिल के खिलाफ 17 जून 2024 को थाना मदनापुर में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी दौरान एक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया। उसने दावा किया कि वह थाने में बात करके मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगवा देगा। परंतु वह कोई मदद नहीं कर सका और उसे जेल जाना पड़ा पीड़ित ने रुपये वापस कराए जाने की मांग उठाई । पीड़ित ने 15 जून 2024 को अपने रिश्तेदारों की मौजूदगी में मगटोरा चौराहे पर आरोपी एक लाख रुपये दिए। एक अन्य व्यक्ति ने गारंटी दी थी कि काम न होने पर वह रुपये वापस करा देगा लेकिन इसी दौरान पुलिस ने पीड़ित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद जब पीड़ित ने अपने रुपये मांगे, तो आरोपी टालमटोल करने लगे। बताया कि अब उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है।

# सूखा भूसा खिलाने पर वीडीओ को फटकारा

संवाददाता, खुटार

- **प्रभारी बीडीओ ने खुटार में कई ग्राम पंचायतो का किया निरीक्षण**
- **विकास कार्य में कई जगह मिलीं अनियमितताएं**

**अमृत विचार:** प्रभारी बीडीओ ने ग्राम पंचायत सिहुरा खुर्द कला में संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया तो गौशाला में गोवंशों को सूखा भूसा खिलाया जाना मिला और गौशाला की साफ सफाई भी नहीं मिली। उन्होंने गोपालक के साथ ही ग्राम विकास अधिकारी को फटकार लगाई और प्रधान से भी नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने गोवंशों के लिए हरे चारे की व्यवस्था और पानी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही बताने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

खुटार के प्रभारी खंड विकास अधिकारी और एसडीएम महेश कैथल मंगलवार को खुटार की ग्राम पंचायत रजमना, खमरिया गदियाना, सुजानपुर, मलिका,सिहुरा खुर्द कला आदि गांव पहुंचे और यहां पर उन्होंने गांव में ग्राम निधि और मनरेगा योजना से कराए गए कच्चे और पक्के निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्हें कई जगह निर्माण कार्यो में अनियमितताएं मिलीं। इस पर उन्होंने अधीनस्थों की फटकार लगाई और जांच कर कार्रवाई के आदेश दिये। इस मौके पर ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और ब्लॉक के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



ग्राम पंचायत सिहुरा की गोशाला का निरीक्षण करते प्रभारी बीडीओ महेश कैथल।

### आपदा से निपटने का कराया अभ्यास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांट-जलालाबाद रोड पर जमौर में स्थित इंडेन बाटलिंग प्लांट में आपातकालीन रिस्पांस ड्रिल का आयोजन किया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीडी पटेल ने आपातकाल में स्थिति से निपटने के उपाए बताए। अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों और सुरक्षा प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। आग लगने पर बुझाने के तरीकों का अभ्यास कराया। एसएसओ ने ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों की आपात स्थिति से निपटने की क्षमता का मूल्यांकन किया।

# अफसर से बोले सभासद बंद हो बिजली कटौती



बिजली कटौती को लेकर एसडीओ से वार्ता करते खुटार के सभासद ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गर्मी में अघोषित बिजली कटौती बंद कराने की मांग को लेकर सभासद मंगलवार को एसडीओ से मिले। सभासदों ने जर्जर लाइनों को भी दुरुस्त कराने का मामला उठाया।

नगर पंचायत के सभासद पति अनुज मिश्रा व संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र खुटार पहुंचकर एसडीओ से मिले और अघोषित बिजली कटौती को बंद करने की मांग की। सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत में कई ऐसे मोहल्ले हैं, जिनमें बिजली लाइन जर्जर हालत में है और इन लाइन से आए दिन बिजली फाल्ट होते रहते हैं। इससे जनता को तो परेशानी होती ही है लाइन से भी कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। एसडीओ ने जर्जर लाइन को बदलवाने, साथ ही अघोषित बिजली कटौती की समस्या का समाधान करने का भी भरोसा दिया है। इस मौके पर सभासद मंगल सिंह, शराफत खां, चंदन गुप्ता, सभासद पति देवेश गुप्ता, सभासद सुनील कुमार, सत्यप्रकाश अर्कवंशी, सुशील राठौर पवन सक्सेना आदि भी मौजूद रहे।

### युवा कांग्रेस का मेगा जॉब फेयर कल

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** युवा कांग्रेस द्वारा 19 जून को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक भव्य मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर का उद्देश्य देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उनके करियर को नई दिशा देना है। इस आयोजन में अमेजन, एचडीएफसी, टाटा, एयरटेल, फ्लिपकार्ट जैसी शीर्ष कंपनियां भाग लेंगी, जो युवाओं को नौकरी के सुनहरे अवसर प्रदान करेंगी।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी के नेतृत्व में महानगर के मोहल्ला रेती में एक विशेष रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 50 से अधिक बेरोजगार युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिन्हें मेगा जॉब फेयर में शामिल होने और रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

यह जॉब फेयर 12वीं पास से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए खुला है, जिसमें मौके पर ही साक्षात्कार के आधार पर चयन प्रक्रिया होगी।

## पुलिस लाइन में कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देशन में 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस लाइन परिसर में विशेष योग सत्रों का आयोजन किया गया।

योग प्रशिक्षुकों ने सुबह 06 बजे से 07 बजे तक पुलिस कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इन सत्रों का उद्देश्य पुलिस बल के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं कार्य क्षमता में वृद्धि करना है। प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, एकाग्रता में सुधार एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति की। बताया कि मौजूदा समय में योग मानव जीवन के लिए जरूरी हो गया है।

इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण, सीओ लाइन, प्रतिसार निरीक्षक आदि स्टाफ ने योग किया।









# बाबा, अब आप नहीं आज मैं आऊंगा और केस फाइनल करूंगा



एडीएम वित्त अरविंद कुमार गांव में ग्रामीण की समस्या सुनते हुए ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वैसे तो सैकडों वादी कलेक्ट्रेट में न्याय की आस में रोजाना न्यायालयों में आकर अपनी तारीखें के लिए चक्कर काटते है, लेकिन जब उसकी समस्या का समाधान के लिए खुद अधिकारी आगे आए तो इससे बड़ी बात क्या हो सकती है।

ऐसा ही एक मामला कलेक्ट्रेट में देखने को मिला, जब एडीएम वित्त न्यायालय के बाहर एक बुजुर्ग फटे, पुराने कपड़े पहने हुए बैठा था, एडीएम वित्त की जब नजर उस बुजुर्ग पर पड़ी तो उन्होंने पास जाकर पूछा कि कब से आ रहे हो। तब बुजुर्ग बोला सालों से हमारा मुकदमा चल रहा है, आने जाने में 200 रुपये खर्च हो जाते हैं और सुबह बिना खाए पीए आना पड़ता है। इस पर एडीएम वित्त बोले बाबा अब दोबारा नहीं आना पड़ेगा, मैं कल खुद आकर आपका केस फाइनल करूगा। यह सुनकर बुजुर्ग ने एडीएम का धन्यवाद बोला।

**केस की सुनवाई दोनों पक्षों को ग्राम न्यायालय लगाकर सुना:** एडीएम वित्त ने बताया कि चकबंदी कार्यवाही में चल रहा ग्राम सिकंदरपुर कला राजरानी वनाम मंगली अंतर्गत धारा 48(1) उपसंचालक चकबंदी न्यायालय के केस की सुनवाई दोनों पक्षों को ग्राम न्यायालय लगाकर सुना और आदेश के लिए सुरक्षित किया।

- **बुजुर्ग से बोले एडीएम वित्त, अब नहीं आपको आना पड़ेगा कोर्ट**
- **एडीएम न्यायालय के बाहर खड़े बुजुर्ग के पास गए अफसर**

इसके अतिरिक्त चकबंदी न पूर्ण होने के सम्बन्ध में ग्राम वासियों को सुना और आदेशित किया कि 27 जून को जिनकी समस्याएं है, वह लिखित रूप में ग्राम के दीपा मानसरोवर स्थित देवस्थान उपस्थित होकर एसीओ और चकबंदी करता को उपलब्ध कराएंगे उन समस्याओं का निस्तारण कर एक माह के भीतर चकबंदी कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी। साथ ही एडीएम ने बताया कि एक माह में चकबंदी कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और यथाशीघ्र चकबंदी कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी।

### 23 साल से लटकी चकबंदी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** :,जिस बुजुर्ग की समस्या थी, वह ग्राम सिकंदर पुर कलां का रहना वाला था। 1998 में धारा 4 का गजट हुआ और 2002 से चकबंदी कार्यवाही शुरू की गई और 23 साल बीत जाने के बाद भी चकबंदी कार्य पूर्ण नहीं हुआ। डीएम ने समीक्षा में चकबंदी अधिकारियों कार्यों से असंतुष्ट होकर कार्यवाही करने को एडीएम वित्त अरविंद कुमार को जिम्मेदारी दी।एडीएम ने प्रधान और ग्राम वासियों को उनकी समस्याओं सुना। साथ ही चकबंदी न पूर्ण होने में आने वाली समस्याओं को लिखित रूप में 27 जून को समय 10 बजे एसीओ, चकबंदी कानूनगो और लेखपाल को उपलब्ध कराएंगे साथ ही उन्हीं समस्याओं का गुण दोष पर निस्तारण करते हुए ग्राम सिकंदरपुर कला की चकबंदी एक माह में पूर्ण करने के लिए, एसओसी, सीओ, एसी चकबंदी कानूनगो आदि को निर्देशित किया। एडीएम ने कहा कि लापरवाही करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।




# मानसून आने को और जिले में बाढ़ से बचाव की तैयारियां अधूरी

## अभी तक नहीं हो पाई गर्रा नदी पर ठोकरों की मरम्मत, बना है बाढ़ का खतरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गर्रा नदी में आई बाढ़ का फाइल फोटो। ● अमृत विचार

- पुल को ऊपर उठाने के लिए नहीं बन सकी परियोजना
- बीते वर्ष बाढ़ से हुई थी शहर में भारी तबाही

**अमृत विचारः** मानसून आने को है और बाढ़ से बचाव की ज्यादातर तैयारियां अधूरी हैं। अभी तक ठोकरों की मरम्मत ठीक से नहीं हो पाई है और न ही पुल को ऊपर उठाया जा सका है। अभी तक पुल को ऊपर उठाने के लिए कोई परियोजना बनी है या नहीं यह भी साफ नहीं है। बीते वर्ष बाढ़ ने महानगर में भारी तबाही मचाई थी। भारी संख्या में लोगों को अपने घरों को छोड़कर पलायन करना पड़ा था। ऐसे में वर्षा काल शुरू होने से पहले बाढ़ से बचाव करने को जरूरी माना जा रहा था, लेकिन सिंचाई विभाग ऐसा नहीं कर पाया है।

आधा जून बीत चुका है। इसके साथ ही 20 जून से मानसून सक्रिय होने के आसार हैं। तैयारियां न होने से बांधों से पानी छोड़े जाने पर शहर में फिर से बाढ़ का प्रभाव दिख सकता है। हालांकि अजीजगंज में नदी की बाढ़ से बचाने के लिए सवा तीन करोड़ से ठोकरों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जिसे अधिकारी इसी माह पूरा कराने का दावा कर रहे हैं, लेकिन पुल व सड़क को ऊंचा करने के लिए कोई तैयारी नहीं हो सकी। पिछले वर्ष गर्रा व खन्नौत नदी की बाढ़ में शहर का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ था। अजीजगंज क्षेत्र पूरी तरह से बाढ़ प्रभावित हो गया था। पानी नेशनल हाईवे पर मुख्य सड़क के ऊपर चलने लगा था। इस दौरान तटबंध की सभी छह ठोकरें क्षतिग्रस्त हो गईं थीं। फिर से बाढ़ आने पर कटान न हो, इसके लिए सिंचाई विभाग की ओर से ठोकरों की मरम्मत का कार्य अप्रैल में शुरू किया गया था। करीब डेढ़ किमी इसके तहत बड़े-बड़े पत्थरों को नदी के किनारे डालने के साथ ही तटबंध के रूप में तैयार किया जा रहा है। इसके बाद पत्थर बिछाने का कार्य होगा।

> बाढ़ में क्षतिग्रस्त तटबंध की ठोकरों को मरम्मत कराने का कार्य करवाया जा रहा है। जो इसी माह पूरा हो जाएगा। पुल और सड़क को ऊंचा किए जाने के कार्य को लेकर अभी कोई परियोजना नहीं है।
> **-सत्यपाल सिंह, एसडीओ, सिंचाई**

### पुल नहीं किया जा सका ऊंचा

बाढ़ की स्थिति को देखते हुए डीएम ने अजीजगंज और न्यू सिटी ककरा के बीच गर्रा नदी नदी पर बने पुल और सड़क को ऊंचा करने के निर्देश दिए गए थे। जिससे नदी का जल स्तर बढ़ने पर दोनों क्षेत्रों को बाढ़ के प्रकोप से बचाया जा सके। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसको लेकर अभी कोई परियोजना तैयार नहीं हुई है। गर्रा नदी के किनारे न्यू सिटी ककरा में नगर निगम कार्यालय के नवीन भवन के साथ ही अर्बन हाट, सामुदायिक हाल का निर्माण करवाया जा रहा है। बाढ़ आने पर इनके डूबने की संभावना सबसे पहले बनेगी। अधिकारियों के अनुसार बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य अर्बन हाट व सामुदायिक हाल बनाने वाली एजेंसियों की ओर से करवाया जा रहा।


# खाते से एक लाख चार हजार निकाले

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** चोक कोतवाली के मोहल्ला साउथ सिटी कॉलोनी निवासी विक्रांत मिश्रा ने बताया कि 11 जून को गर्रा पुल के निकट सब्जी की दुकान पर उसका मोबाइल किसी ने जेब से निकाल लिया। उन्होंने पुलिस चौकी राजघाट को सूचना दी। उन्होंने पुलिस के कहने पर यूपी पुलिस के काप-एप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप है कि 11 जून व 12 जून को जालसाजी कर एचडीएफसी बैंक से खाते से एक लाख चार हजार 990 रुपये की धनराशि ऑनलाइन पेमेंट करा ली। वह बैंक में खाते पर रोक लगाने के लिए गया तो जानकारी हुई है। उसका आरोप है कि धोखाधड़ी करके उसके खाते से रुपये निकाल लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी मामले की विवेचना कर रहे है।

### ट्रेन में महिला का जेवर समेत पर्स चोरी

**शाहजहांपुर।** गौतम बुद्ध नगर जिले के थाना विसरख ग्रेटर नोएडा निवासी वंदना गार्डन निवासी शिप्रा वर्मा ने जीआरपी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 जून को ट्रेन संख्या 05578 गरीब रथ से शाहजहांपुर आ रही थी। वह ट्रेन में शौचालय गयी। वह लौटकर आइ तो एसी कोच की बर्थ पर उसका पर्स गायब मिला। पर्स में सोने की चेन और मंगलसूत्र था।

# फरार इनामी शेखर की संपत्ति कुर्क



आरोपी का सामान गाड़ी में लादते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- मकान पर नोटिस चस्पा, टीवी समेत 54 सामान कुर्क
- व्यापारी की कर दी थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**आयुष हत्याकांड**

**अमृत विचारः** शहर में चर्चित आयुष हत्याकांड में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी की सदर बाजार पुलिस ने संपत्ति कुर्क कर ली है। पुलिस ने कुर्क की गयी संपत्ति को थाना के मालखाना में जमा कर दिया है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला श्यामतगंज गौटिया निवासी टेंट व्यापारी दिलीप गुप्ता के बेटे आयुष गुप्ता की 02 दिसंबर को ओसीएफ रामलीला मैदान में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक के पिता दिलीप गुप्ता ने आरोपी काजल, पलक, आर्यन सिंह, मोहित, अमन, पीयूष, प्रिंस राजपूत, अरविंद वर्मा, आदिल, शेखर मौर्या समेत 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस शेखर मौर्य निवासी सिंजई चौक कोतवाली को छोड़कर सभी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। घटना के बाद से शेखर मौर्य फरार चल रहा था। एसपी ने फरार आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। 01 जनवरी को उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट भी जारी हुआ था। पुलिस ने उसके खिलाफ 82 धारा की कार्रवाई की थी। पुलिस ने फरार आरोपी शेखर मौर्य के खिलाफ कोर्ट से धारा 85 की कार्रवाई का आदेश प्राप्त किया। सदर बाजार पुलिस फरार आरोपी के मकान पर गई और नोटिस चस्पा करके संपत्ति अलमारी, बेड, कूलर, टीवी, कपड़े, गैस चूल्हा, सिलेंडर, पंखा समेत 54 अदद सामान कुर्क किया है। पुलिस कुर्क की गयी संपत्ति को थाना पर ले आयी है।

## एक नजर

### जामुन तोड़ने के विरोध पर लाठी डंडों से पीटा

**कलान।** क्षेत्र के गांव झकरेली पश्चिमी निवासी शेर सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र अखिलेश एवं छोटे भाई मोरपाल की पुत्री काजल खेत में खड़ी मक्का की रखवाली कर रही थी, वहीं पड़ोस के गांव कुंवरपुर के कुछ लोग आए और खेत में खड़ी जामुन पर चढ़ गए और जामुन तोड़ने लगे, जिसका काजल ने विरोध किया, तो उसको आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। अखिलेश उसको बचाने गया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे दोनों भाई बहन घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने थाने पर तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### किसान दिवस बैठक आज

**शाहजहांपुर।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया जाता है। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि किसान दिवस बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारी जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे- कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा इंश्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जून माह में किसान दिवस बैठक आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12.30 बजे से की जाएगी।

### प्राथमिक विद्यालय में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**खुदागंज।** गांव भमौरी के प्राथमिक विद्यालय मुनेश कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। चोरों ने दो दिन पूर्व एक कमरे ताला तोड़ दिया। चोर समरसेबल पानी का मोटर, गैस सिलेंडर, कुर्सियां आदि सामान चुराकर ले गए है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कांट क्षेत्र की एक किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 05 जून को सुखलाल उसे अगवा करके ले गया था। आरोप था कि उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पाक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# रात में सोते समय ईट भट्ठे पर मजदूर को सर्प ने डसा, मौत

संवाददाता, खुटार

- किसी कीड़े के काटने के अहसास पर प्याज पीस कर बांधा, तब तक हो गई देर
- जहर शरीर में फैला झाड़ फूंक वाले ने किया इंकार डॉक्टर ने मृत घोषित किया

**अमृत विचारः** ईट भट्ठा मजदूर को रात में सोते समय सांप ने डस लिया, जब तक सांप के डसने की जानकारी हुई, तब तक देर हो चुकी थी, झाड़फूंक करने वाले ने मना कर दिया, सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के गांव हिटौटा में रहने वाले मनोज कुमार के नाम सरकारी सस्ते राशन की दुकान है। कोटा चलाने के साथ साथ वह खुटार के चंदी ब्रिक फील्ड पर मजदूरी भी करते थे। सोमवार को वह रात के समय काम करने के लिए ईट भट्टे पर पहुंचे थे। रात में भट्टे पर बने कमरे के पास चबूतरे पर लेट गए। तभी रात में उनके पैर में सर्प ने डस लिया। सर्प के डसने पर उन्हें लगा कि किसी कीड़े ने काट लिया होगा। जिस पर उन्होंने यह बात अपने परिजनों को बताई। परिवार के लोगों ने पैर में प्याज आदि पीसकर लगा दिया लेकिन हालत सुधरने के बजाय और अधिक बिगड़ती चली गई। जिसके बाद सुबह 3 बजे के करीब परिवार के लोग मनोज कुमार को लेकर बंडा के सुनारनाथ स्थित झाड़-फूंक करने वाले एक वैद्य के पास पहुंचे। जहां वैद्य ने देखते ही बता दिया कि मनोज को किसी जहरीले सांप ने डसा है और उसका जहर मनोज के पूरे शरीर में फैल चुका है। जिससे इनका बचना काफी मुश्किल है। इसके बाद परिवार के लोग मनोज कुमार को लेकर खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मनोज की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। उनकी मौत से पत्नी राजेश्वरी देवी पत्नी सहित चार बेटे व एक चार साल की बेटी है। सबसे बड़ा बेटा 13 साल का है। भट्ठा स्वामी सर्वजीत सिंह ने बताया कि मनोज पांच दिन पूर्व से ही पथेर का काम करने आया था।

# तमंचा के साथ वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। चौक कोतवाली के मोहल्ला अलीजई निवासी मोहम्मद जमाल खां ने इश्शन, बब्बन, अब्दुल रहमान, रज्जाक, फैज, बकार और नदीम निवासी हुंडालखेल कोववाली के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

तीन दिन पूर्व आरोपियों ने उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किए थे। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को मंगलवार की दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि मुख्य आरोपी इश्शन गर्रा मोक्ष धाम के निकट खड़ा है। पुलिस ने आरोपी इश्शन को गिरफ्तार कर लिया और तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

# कार ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मृतक नाजमा

- बहन के घर से लौट रहे थे, परिवार वालों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

**अमृत विचारः** लोहारों वाले चौराहे के पास कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार पति और पत्नी घायल हो गए। घायल दंपती को मेडिकल कालेज भेजा गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। उसके पति के मामूली चोट लगी है। चालक कार लेकर भाग गया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला मेहमान शाह निवासी 45 वर्षीय नाजमा पति जुल्फिकार हसन के साथ सोमवार की शाम अपने बहन उजमा के घर गयी थी। वह अपनी पत्नी को सोमवार की रात साढ़े 10 बजे स्कूटी से हद्दफ से अपने घर लौट रहे थे। लोहारों वाले चौराहे के निकट पीछे से कार ने स्कूटी को साइड से टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार दंपति घायल हो गए। राहगीर एकत्रित हो गए। सूचना पर परिवार वाले और सदर बाजार पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने घायल दंपती को मेडिकल कालेज भेज दिया।

इलाज के दौरान नाजमा की मौत हो गयी। उसके पति के मामूली चोट आई है। मृतक की दो बेटियां है और उसके पति ट्रक मैकेनिक है। परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। चालक कार लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने पंचनामा भरके शव परिवार वालों को सौंप दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में महिला दरोगा सहित तीन घायल

**तिलहर।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में महिला दरोगा सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में तीनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उप निरीक्षक नेहा सैनी आरक्षित कमल कुमार के साथ कछियानी खेड़ा मंदिर से ड्यूटी करके बाइक से कोतवाली जा रही थी, जैसे ही वह बिरियागंज क्षेत्र में पोटरगंज गेट के सामने पहुंची, तभी सामने से तेज गति से आ रहे मोहल्ला चौहटिया निवासी आरिफ की बाइक से टक्कर हो गई, जिससे महिला दरोगा नेहा सैनी, सिपाही कमल तथा आरिफ तीनों लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने तीनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने आरिफ की बाइक कब्जे में ले ली।

# जन सुनवाई में छह में एक शिकायत निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जनसुनवाई करते अपर नगर आयुक्त एसके सिंह। ● अमृत विचार

- साफ-सफाई, नाली निर्माण कर विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को रखा

**अमृत विचारः** अपर नगर आयुक्त एसके सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सुबह से दो बजे तक नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों को रखा।

जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से मिली शिकायतों को सुनने के बाद उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुए ससमय निस्तारण कराया जाए। जन-सुनवाई दिवस में छह शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से एक समस्या का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया, साथ ही नगर वासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

जन सुनवाई दिवस में संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता निर्माण एसके अम्बेडकर, जीएम जल सौरभ श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, मौजूद रहे।

# खेत पर करंट से बच्चे की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रामपुर तलसुआ गांव में छुट्टा पशुओं से फसल रखवाली के लिए खेत पर लगाई तारों की बाड़ में करंट छोड़ रखा था। इस दौरान करंट लगने से छह वर्षीय बच्चा झुलस गया। परिवार वाले उसे मेडिकल कालेज लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

कांट थाना क्षेत्र के गांव रामपुर तलसुआ निवासी अर्जुन का छह वर्षीय पुत्र आरके मंगलवार की शाम खेत पर बच्चों के साथ खेलने के लिए गया था। खेत पर लगाई तार में करंट छोड़ रखा था। उसका बेटे का हाथ तार में स्पर्श हो गया और करंट लगने से झुलस गया। गांव वालों ने उसे तार से छुड़ाया। परिवार वाले उसे मेडिकल कालेज लेकर आए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिवार वाले उसका शव घर पर ले गए।

# एसपी साहब, आरोपी घूम रहे, पुलिस है मौन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दुष्कर्म की धारा नहीं बढ़ाई गिरफ़्तार नहीं कर रही पुलिस आई जी से मिलेगी

**अमृत विचारः** किशोरी को अगवा करने ले जाने के मामले में तिलहर पुलिस तीन माह बीत जाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। आरोप है कि पुलिस दुष्कर्म की धारा नहीं लिखी थी। आरोपी पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आईजी और एडीजी से बरेली में जाकर मिलेंगी।

तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 07 फरवरी को ढाई घाट गंगा स्नान करने गयी थी। वह रिश्तेदारी में रुक गयी थी। वह 15 वर्षीय बेटी को घर पर छोड़ आई थी। 08 फरवरी की शाम सात बजे उसकी पुत्री लघुशंका करने के लिए गयी थी। वह देर रात घर वापस नहीं आई थी। उसे पता चला कि गांव का अनुज, राहुल, आशीष अगवा करके ले गया था। उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसकी पुत्री को आरोपियों ने दो दिन सिंधौली क्षेत्र में छोड़ दिया था। उसकी पुत्री का आरोप था कि आशीष नामक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोप है कि पुलिस दुष्कर्म की धारा नहीं बढ़ायी। आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे है। पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपी मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे है। आरोपी मारने धमकी दे रहे है।

## सार-संक्षेप

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर।** एक विवाहिता ने किसी बात को लेकर घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर देवर ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता महिला ने किसी बात को लेकर दोपहर 4:00 बजे किसी बात को लेकर घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर देवर ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीर अवस्था में महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी का आरोप

**निगोही।** गांव गढ़ा निवासी खरगाई ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में बताया कि 16 जून की रात लगभग आठ बजे गांव का एक व्यक्ति दरवाजे पर आया और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गालियां देने लगा और कहा कि तूने मेरी समरसेबिल नहीं पकड़वाई, कुछ लोगों ने समझाकर उसे घर भेज दिया लेकिन वह फिर तमंचा लेकर आ गया और हवाई फायर करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### तीसरे दिन100 साधकों ने किया योग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** द जेंटलमैन साइकिल क्लब की ओर से पुवायां इंटर कॉलेज के सभागार में योग शिविर के तृतीय दिवस पर राज्य सभा सांसद मिथिलेश कुमार ने सपत्नीक पहुंचकर योग शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने शिविर में विभिन्न आसन और योग मुद्राएं की। शिविर में तृतीय दिवस पर 100 योग साधक उपस्थित रहे। विशिष्ठ अतिथि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमदेव रहे। कार्यक्रम का संचालन उप सचिव संजय मिश्र ने किया। योग से शरीर को होने वाले लाभों की जानकारी दी। योग शिविर में क्लब अध्यक्ष सुबोध वर्मा, सचिव राजीव शर्मा, विश्वामोहन, रामसेवक राठौर, सुनील सिंघानिया, संजीव, श्याम कुमार त्रिवेदी, मदनलाल, सभासद प्रदीप शर्मा, डॉक्टर प्रदीप कटियार, अभय मिश्रा, लालाराम, पतंजलि योगपीठ से प्रमोद गुप्ता, आभा गुप्ता, मंजू आनंद, मिथिलेश आनंद, मधु सिंह, डॉ. मेधा शर्मा आदि योग साधक उपस्थित हुए।

### बुजुर्ग के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट

**पुवायां।** एक 82 वर्षीय बुजुर्ग के साथ लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव गंगाई निवासी सुरेश चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 16 जून को शाम सात बजे वह अपनी जगह पर मकान के सामने कुर्सी पर बैठा था। तभी गांव के सोनू शराब पीकर आए और गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। इसके बाद लालाराम आ गए और उन्होंने भी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल करने के बाद तहरीर के आधार पर विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्रसूता की मौत निजी अस्पताल में हंगामा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज के सामने एक निजी अस्पताल में प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस दौरान परिवार वालों ने निजी अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस चौकी अजीजगंज के दरोगा और सिपाही अस्पताल में पहुंचे और मामला शांत करा दिया। निगोही थाना क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वालों ने रविवार की शाम मेडिकल कालेज के सामने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की रात करीब नौ बजे उसकी इलाज के दौरान अचानक मौत हो गयी। परिवार वालों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर अजीजगंज चौकी प्रभारी मनोज उपाध्याय सिपाहियों के साथ निजी अस्पताल में पहुंच गए। उन्होंने मृतका के परिवार वालों को समझाकर शांत करा दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि देर रात दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इधर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि थाना पर कोई तहरीर नहीं आई है।

# मकान से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चोरों ने मकान को दिन में बनाया निशाना, घर पर कोई नहीं था

**अमृत विचारः** शहर में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। चोरों ने दिन दहाड़े एक मकान को निशाना बना लिया और कमरे का ताला तोड़ दिया। चोर नगदी समेत दो लाख रुपये का जेवर चुराकर ले गए। मकान स्वामी जब लौटकर आए तो चोरी की जानकारी हुई। सदर बाजार पुलिस ने मौका मुआयना किया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला मामूड़ी निवासी मुनव्वर अली बहादुरगंज में स्थित एक पाइप की दुकान में काम करते है। उनका एक मकान मोहल्ला चमकनी में है। वह पांच साल से परिवार समेत मोहल्ला मामूड़ी में रह रहे थी। सोमवार की सुबह नौ बजे उन्होंने मकान में ताला बंद कर दिया और पत्नी और बच्चों को छोड़ने ससुराल अंटा चले गए। पत्नी को छोड़ने के बाद वह दुकान पर काम करने के लिए चले गए। किसी समय दिन में चोर मकान की दीवार फांदकर घुस आए। चोरों ने एक कमरे का ताला तोड़ दिया। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर नगदी और जेवर चुराकर भाग गए। मकान स्वामी मुनव्वर अली रात नौ बजे पत्नी और बच्चों को लेकर मकान पर आए। उन्होंने देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने मोहल्ले में लोगों को बताया कि उनके घर में चोरी हो गयी।

# प्रसूता की मौत निजी अस्पताल में हंगामा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कालेज के सामने एक निजी अस्पताल में प्रसूता की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस दौरान परिवार वालों ने निजी अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस चौकी अजीजगंज के दरोगा और सिपाही अस्पताल में पहुंचे और मामला शांत करा दिया।

निगोही थाना क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वालों ने रविवार की शाम एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की रात करीब नौ बजे उसकी इलाज के दौरान अचानक मौत हो गयी। परिवार वालों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर अजीजगंज चौकी प्रभारी मनोज उपाध्याय सिपाहियों के साथ में पहुंच गए।

# तीस वर्षों से अपनी जमीन पर मांग रहे कब्जा

संवाददाता, पुवायां



ज्ञापन देने पहुंचे पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

- तीस वर्ष पहले युवक देता था पटका, बाद में फर्जी महिला के नाम से दिखाया बैनामा

**अमृत विचारः** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक अनुसूचित परिवार के लोग पिछले तीस वर्षों से अपनी ही जमीन पर कब्जा पाने के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं। उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी उनकी ओर ध्यान नहीं दे रहे।

क्षेत्र के गांव सरैयां ज. मिलकिया निवासी एक ही परिवार के दर्जनों लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर बताया कि उनकी लगभग डेढ़ एकड़ भूमि गांव चठिया में है, जो एक ही परिवार के लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के नाम पर आज भी दर्ज है। वर्षों पूर्व उनके परिवार ने गांव चठिया के ही एक सिख युवक को पटके पर दी थी। कुछ समय उसने पटका दिया लेकिन बाद में लगभग तीस वर्ष पूर्व उसने किसी चमेली देवी से भूमि खरीदे जाने की बात कहकर पटका देने से इनकार कर दिया, साथ ही परिवार के लोगों को भी जमीन के पास न पहुंचने देने की बात कहकर भगा दिया। जबकि आज तक जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो सका है, क्योंकि चमेली नाम की कोई महिला न उनके परिवार में बल्कि गांव में भी नहीं है। तब से लेकर अब तक उनका परिवार अपनी जमीन पर कब्जा पाने को भटक रहे हैं। कई बार उनके द्वारा मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी क्योंकि जांच लोकल के ही अधिकारी व कर्मचारी करते हैं। कुछ वर्ष पूर्व तहसील से उसकी पत्रावली भी कार्यालय से गायब कर दी गई थी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# अतिक्रमण और ई-रिक्शा लगा रहे महानगर के चौराहों पर जाम

## शहर में अतिक्रमण के दो कारण आए सामने, उठानी पड़ती है भारी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



महानगर में ई रिक्शा के चलते लगता जाम। ● अमृत विचार

- अपंजीकृत ई रिक्शा भी भर रहे फर्राटा
- ऐसे में लगातार विकराल हो रही जाम की समस्या

> महानगर में जाम न लगे इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ई रिक्शा के रूट का पालन कराया जा रहा है। अगर फिर भी जाम लग रहा है तो दिखवाया जाएगा।
> -एसके सिंह, एआरटीओ।

**अमृत विचारः** महानगर में अतिक्रमण और ई रिक्शा जाम का बड़ा कारण हैं। इनकी वजह से आए दिन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आम लोगों के वाहन रेंगते हुए देखे जा रहे हैं। रूट निर्धारित हो जाने के बाद भी तमाम बिना नंबर प्लेट के ई रिक्शा सड़कों पर दौड़ते हुए देखे जा रहे हैं। तमाम सख्ती के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है।

मुख्य बाजार तक अस्थाई जाम से मुक्त नहीं हो पा रहा है। तमाम स्थानों पर सड़कों पर वाहन पार्किंग है। जिसके चलते भी जाम लगता रहता है। तमाम बड़े कॉमर्शियल भवनों के पास भी अपनी पार्किंग नहीं है। सड़कों पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के अभिलेखों में 15 हजार ई-रिक्शे दर्ज हैं, लेकिन यातायात पुलिस के पास मात्र आठ सौ का रिकार्ड है। डीएम के सख्त निर्देश के बाद अब इनके सत्यापन का कार्य शुरू किया है। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग और नगर निगम ने ई-रिक्शों के आठ रूट तय किए हैं। काफी समय के बाद मार्ग पर बैरियर लगाकर चार मार्गों पर रूट डायवर्जन लाग लागू कर दिया गया है। फिर भी ई रिक्शा इतनी बड़ी संख्या में हो गए हैं कि जाम की समस्या खत्म नहीं हो पा रही है। इसके अलावा कई बार ई रिक्शा बिना नंबर प्लेट भी देखे जा रहे हैं। इनका कहीं पंजीकरण तक नहीं है। इसके बाद भी यह चल रहे हैं। यह कैसे हो रहा है, यह बात समझ से परे है। ऐसे में शहर के लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। प्रमुख मार्ग पर सबसे ज्यादा दिक्कतों से दो-चार होना पड़ रहा है। डीएम के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन किया है। हालांकि बिना हेलमेट गुजरने वाले दो पहिया वाहनों पर पुलिस की सख्ती का असर दिख रहा है।

बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों का आईटीएमएस चालान कर रहा है। तीन चालान होने पर डीएल निलंबित कर गाड़ी को सीज किए जाने का नियम है। ऐसे में तमाम लोग डरे हुए हैं। यातायात पुलिस की नई तैयारी के चलते बिना हेलमेट चलना संभव नहीं होगा।

नगर के प्रमुख चौराहे खिरनीबाग, कवि तिराहा, सुभाष चौराहा, घंटाघर, गर्रा फाटक पर आईटीएमएस से बाइक सवारों के चालान काटे जा रहे हैं। सिर्फ सफेद पट्टी को पार करने पर चालान नहीं होगा, बल्कि बिना हेलमेट होने पर भी कार्रवाई कर दी जाएगी। रोजाना ही बड़ी संख्या में बिना हेलमेट पर चालान किए जा रहे हैं। यातायात प्रभारी विनय पांडेय ने बताया कि गत दिनों मुख्य सचिव व यातायात के एडीजी ने निर्देश दिए कि तीन से ज्यादा चालान होने पर गाड़ी को सीजकर संबधित ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित किया जाएगा।



पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल होकर पोस्टर दिखाते मेडिकल के छात्र। ● अमृत विचार

# वरुण अर्जुन कॉलेज में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। प्रतियोगिता का समन्वयन और संचालन सुष्मिता सिंह ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से संदेश दिया कि पृथ्वी और स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, और दोनों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह और उप-प्राचार्य मोहम्मद जुनेद ने कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया और छात्रों द्वारा प्रस्तुत पोस्टरों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छात्रों ने बेहद सुंदर और सशक्त पोस्टर प्रस्तुत किए, जिनमें एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के संदेश को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। ऐसे आयोजन छात्रों को सामाजिक विषयों पर सोचने और अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। ग्रुप एक ने प्रथम स्थान, ग्रुप दो ने द्वितीय स्थान, तथा ग्रुप 4 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कॉलेज की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया कि वे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के संबंध को समझते हैं और समाज को जागरूक करने की क्षमता रखते हैं। इस प्रकार, पोस्टर प्रतियोगिता न केवल रचनात्मकता का मंच बनी, बल्कि यह छात्रों के लिए पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी मूल्यों को आत्मसात करने का एक सार्थक अवसर भी साबित हुई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# वरुण अर्जुन में योग दिवस के उपलक्ष्य में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अनुष्का प्रथम, विकास भास्कर द्वितीय और हर्षित पाल रहे तीसरे स्थान पर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के करण अर्जुन कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पैरा-मेडिकल के छात्र-छात्राओं की ओर से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता उप-प्राचार्य श्री नेहा गुप्ता के निर्देशन में हुई, जिसमें डीएमएलटी और डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों में योग के महत्व, उसके समग्र प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मकता एवं प्रस्तुति कौशल को प्रोत्साहित करना था। इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ निर्धारित की गई थी।

इस थीम के अंतर्गत, छात्रों ने योगा को मात्र शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखते हुए, उसे मानव स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्वास्थ्य और संपूर्ण ग्रह के कल्याण के बीच के गहन संबंध के रूप में प्रस्तुत किया। पोस्टरों में योग के माध्यम से बीमारियों की रोकथाम, तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे विभिन्न आयामों को कलात्मक ढंग से दर्शाया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रकाश वीवी जैसे सम्मानित सदस्य शामिल थे, जिन्होंने छात्रों के अभिनव विचारों, विषय की गहराई और प्रस्तुति की स्पष्टता की प्रशंसा की। प्रथम पुरस्कार अनुष्का चौहान, डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन 2024 बैच की छात्रा को मिला। द्वितीय पुरस्कार विकास भास्कर, डीएमएलटी 2024 बैच के छात्र, तृतीय पुरस्कार हर्षित पाल, डीएमएलडी 2024 बैच के छात्र को मिला। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. लेखराज वर्मा और रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार पाल ने सभी प्रतिभागियों और विशेष रूप से पुरस्कार विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।



पोस्टर के साथ विद्यार्थी। ● अमृत विचार

उन्होंने अपने संबोधन में कहा, यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे पैरामेडिकल विभाग के छात्र न केवल अपनी अकादमिक शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। ''योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ'' जैसी महत्वपूर्ण थीम पर उनकी प्रस्तुतियों ने यह दर्शाया कि वे स्वास्थ्य के व्यापक आयामों को समझते हैं और समाज के प्रति अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह उपलब्धि वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस के छात्रों की शिक्षा और कौशल विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को परिलक्षित करती है, जो उन्हें भविष्य में सफल एवं संवेदनशील चिकित्सा पेशेवर बनने हेतु तैयार कर रही है।

# वरुण अर्जुन के शिविर में 42 मरीजों में निकला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से मंगलवार को तिलहर क्षेत्र के ग्राम कुर्वानपुर में एक मुफ़्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 316 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 42 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच व लगभग 67 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। 278 मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी जो अस्पताल की ओर से 200 रुपए में बनाया जाता है और 1 वर्ष के लिए मान्य है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में एडवोकेट दिनेश कुमार शर्मा, समाज सेवी संजीव कुमार शर्मा, समाज सेवी ब्रजेश मिश्रा, समाज सेवी संजीव कुमार सिंह, ग्राम प्रधान मुन्नीदेवी आदि का विशेष योगदान रहा। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर के सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. रिषि पटेल, डॉ. रिव्या सिंह, डॉ. पूजा भल्ला, डॉ. शंभवी पांडेय, डॉ. रोहित व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहा।



शिविर में मरीजों की जांच करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार


# हकीम अजीज उर्रहमान मियां का 48वां उर्स अकीदत के साथ मनाया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** हजरत हकीम अज़ीज़ उर्रहमान मियां का 48 वां सालाना उर्स यहां बीबी जई हद्दफ, ककरा रोड स्थित मजार पर अकीदत ओ एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान जायरीन ने मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी करते हुए दुआ मांगी।

मंगलवार को सुबह दस बजे राशिद मियां की सरपरस्ती में महफ़िल की शुरुआत कुरआन की तिलावत से हुई। इसके बाद हाज़रीन को संबोधित करते हुए मौलाना जाबिर शाह नियाजी ने हजरत हकीम अज़ीज़ उर-रहमान मियां के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हकीम अज़ीज़ -उर-रहमान मियां ने अपना पूरा जीवन अत्यंत सादगी के साथ मानवता और दीन की खिदमत करते हुए गुज़ारा।

उन्होंने कहा कि अल्लाह के वलियों की बारगाह में अदब ओ एहतराम के साथ हाजिरी देना चाहिए। जो लोग औलिया ए किराम के दरबार में अकीदत के साथ हाजिरी देते हैं, उन पर अल्लाह का फ़ज़ल ओ करम होता है।



हज़रत हकीम अज़ीज़ उर्रहमान मियां के उर्स में दुआ करते मौलाना। ● अमृत विचार

# मानसिक शांति और जीवन की संतुलित गति का माध्यम है योग : डा. अशोक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन कॉलेज में हुआ योग अनप्लग्ड कार्यक्रम
- युवाओं को योग से जोड़ना और जीवन में उसकी भूमिका को समझाना रहा उद्देश्य

**अमृत विचारः** योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि मानसिक शांति और जीवन की संतुलित गति का भी माध्यम है। युवा पीढ़ी को इसके महत्व को समझना चाहिए। यह बात वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कही। वे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत तीसरे दिन "योग अनप्लग्ड" कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच पर विभिन्न योगासन के बारे में जानकारी दी और उनके लाभों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में योग की महत्ता को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग से जोड़ना और जीवन में उसकी भूमिका को समझाना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने कहा कि योग जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम में डीन एवं प्राचार्य डॉ. आरएन शुक्ला ने भी योग के चिकित्सीय लाभों पर प्रकाश डाला। वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह और वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के उप-प्राचार्य दीपक पचौरी ने अपने-अपने वक्तव्यों में योग को विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता और मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। वक्ताओं ने भागदौड़ वाली दिनचर्या में योग को जरूरी बताया है।



कार्यक्रम में बोलते वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल।

इस अवसर पर उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुमार अमित सिंह एवं योगाचार्य ललित चौहान आदि उपस्थित रहे। "योग अनप्लग्ड" कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। इस प्रकार का आयोजन न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करता है, बल्कि समाज में भी योग के महत्व को स्थापित करता है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- वन विभाग कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन का धरना सुबह 11 बजे।
- विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन सुबह 11 बजे।
- बदायूं क्लब में योग शिविर सुबह 7 बजे।

## एक नजर

### 30 जून तक करें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार** : जिला उद्योग उपायुक्त अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 दिवसीय प्रशिक्षण देने के उपरांत टूलकिट वितरण की जाएगी। इसके लिए 15 जून तक आवेदन मांगे गए थे। अब इस तिथि को बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है।

### ब्लॉकों पर लगेगा नशा मुक्ति जागरुकता शिविर

**बदायूं, अमृत विचार** : जिले में नशामुक्त पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को सभी ब्लॉकों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रधानों के साथ जनमानस की उपस्थिति रहेगी। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डीपीआरओ, बीडीओ और पंचायत सहायकों को निर्देश दिए हैं।

### घायल की जान गई

**बदायूं, अमृत विचार** : थाना उसहैत क्षेत्र के गांव चांद बराई निवासी पप्पू (47) घर में आते ही वह जमीन पर गिर गए और बेसुध हो गए। परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान पप्पू की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# महाराणा प्रताप चौक पर लगा जाम, लोग परेशान



महाराणा प्रताप चौक पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार** : कस्बे में अतिक्रमणकारियों ने सड़कों पर कब्जा कर लिया है। इससे वाहनों के निकलने को जगह नहीं होने के कारण अक्सर जाम का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को भी जाम लग गया। इस दौरान वाहन फंस गए। काफी देर बाद जाम खुल सका।

क्षतिग्रस्त क्षत्रिय महासभा के युवा नगर अध्यक्ष मोहित राघव ने बताया कि अगर चौराहे पर अतिक्रमण हटा दिया जाए तो चौक क्षतिग्रस्त नहीं होगा और जाम भी नहीं लगेगा। पिछले दिनों एक ट्रक की टक्कर से चौक टूट गया था जिससे लोगों ने हंगामा किया था। क्षत्रिय महासभा ने कहा है कि महाराणा प्रताप चौक के निकट से अतिक्रमण हटाया जाए जिससे जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

# ट्रांसफार्मरों में होगा मरम्मत कार्य, आज बिजली रहेगी बाधित

**म्याऊं, अमृत विचार:** उसावां बिजली घर दो बड़े ट्रांसफार्मर लगे हैं। इनमें तकनीकी खराबी आने के कारण रिपेयरिंग का कार्य होना है। ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग के चलते बुधवार को पूरे दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इससे कस्बा उसावां और म्याऊं सहित करीब एक दर्जन गांवों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में जेई बाल कृष्ण ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकि में खराबी आ गई थी, जिसे ठीक करने में समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारी ने दी है।

### रोडवेज परिवहन निगम ने शुरू की नई पहल, यात्रियों को भी मिलेगा लाभ

# स्मार्ट एमएसटी कार्ड से विद्यार्थियों को मिलेगी विशेष छूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सामान्य यात्राओं की तुलना में विद्यार्थियों को टिकट पर करीब 40 फीसदी तक होगी बचत

**अमृत विचार** : यात्रियों और विद्यार्थियों के सफर को आसान बनाने के लिए रोडवेज परिवहन निगम ने नई पहल शुरू की है। यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों में स्मार्ट एमएसटी कार्ड बनाए जांएगे। इसे यात्री आसानी से कम दामों में रिचार्ज कर सकेंगे। इसका सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्हें 60 किलोमीटर के दायरे में यात्रा करने पर विशेष छूट दी जाएगी। रोडवेज निगम की ओर से अब तक 20 विद्यार्थियों के स्मार्ट एमएसटी कार्ड जारी हैं।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि जिला मुख्यालय तक प्रतिदिन पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों के लिए जारी किए जा रहे स्मार्ट एमएसटी कार्ड से काफी राहत मिलेगी। अब तक 30 विद्यार्थियों ने स्मार्ट एमएसटी कार्ड के लिए आवेदन किया है। इनमें 20 के स्मार्ट एमएसटी कार्ड जारी किए गए हैं। शेष के भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधन ने बताया कि स्मार्ट एमएसटी कार्ड बनाने के लिए विद्यार्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट और स्कूल कॉलेज द्वारा प्रमाणित परिचय पत्र डिपो में जमा करना होगा। जारी की जाने वाले स्मार्ट एमएसटी कार्ड से विद्यार्थी से 25 यात्राओं का किराया लिया जाएगा। महीने में सिर्फ 60 यात्राओं की ही अनुमति उन्हें दी जाएगी। यात्रा के दौरान विद्यार्थी को पहचान पत्र साथ में रखना अनिवार्य होगा। एमएसटी बनवाने पर 300 रुपये जमा कराने होंगे। एमएसटी से विद्यार्थियों को सामान्य यात्राओं की तुलना में करीब 40 फीसदी तक की बचत होगी। स्मार्ट कार्ड को किसी भी बस स्टेशन से रिचार्ज करवाया जा सकता है।

> रोडवेज निगम ने स्मार्ट एमएसटी कार्ड की पहल शुरू की है। इसके माध्यम से यात्रियों को अधिक लाभ मिलेगा। विशेषकर रोजाना पढ़ने के लिए आने जाने वाले विद्यार्थियों को अधिक लाभ होगा। उन्हें विशेष छूट दी जाएगी। अब तक 20 स्मार्ट एसएसटी कार्ड जारी किए जा चुके हैं।
> – **प्रदीप यादव**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज निगम

स्थानीय डिपो में 144 बसों का बेड़ा है। इसमें 120 डिपो की और शेष अनुबंधित बसों का संचालन विभिन्न रूटों पर होता है। इनमें चंदौसी, बरेली और कासगंज आदि रूट ऐसे हैं जिन पर विद्यार्थियों का सबसे अधिक आना जाना रहता है। इन रूटों पर प्रतिदिन आने जाने विद्यार्थियों को रोडवेज निगम द्वारा जारी की गई नई पहल का लाभ मिलेगा।

# अघोषित कटौती से परेशानी, बिजली घर पर ग्रामीणों ने किया हंगामा, नारेबाजी

### जिले भर में कटौती जारी, बगरैन में 50 गांवों में बिजली ठप, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : जनपद में बिजली की किल्लत के चलते जगह-जगह धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। कस्बा बगरैन के बिजली उपकेंद्र से आसपास के कई गांव को बिजली दी जाती है। यहां से दो दिन से बिजली गुल है। परेशान लोगों ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। बिजली विभाग के एसडीओ को ज्ञापन देकर शेड्यूल के अनुसार बिजली देने की मांग की।

शहर के मीरा सराय कबूलपुरा में सोमवार की रात एक बजे सप्लाई ठप हो गई, जो चार घंटे बाद शुरू हुई। इसी तरह शहर के अन्य मोहल्लों में बिजली कटौती से जनमानस त्रस्त है। मंगलवार शाम तीन बजे अचानक बिजली गुल हो गई जो एक घंटे बाद शुरू हुई। एक घंटे की बिजली कटौती से पुलिस लाइन चौराहा, इंदिरा चौक, दातागंज रोड, बाबूराम मार्केट, दिनेश चौक, आदर्श नगर, रेलवे रोड, सिविल लाइन, मंडी समिति, रोडवेज, सहित कई मोहल्लों के लोगों को परेशानी हुई। बिजली सप्लाई शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बगरैन बिजली घर से आसपास के करीब 50 गांवों को बिजली दी जाती है। सोमवार से बिजली ठप है। इससे 50 गांवों के लोग बिजली की किल्लत झेल रहे हैं। मंगलवार को दूसरे दिन लोगों ने बिजली घर पर पहुंच कर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई बंद है जिससे लाखों लोग परेशान हैं। बिजली नहीं मिलने से पेयजल संकट पैदा हो गया है। ग्रामीण रामाशंकर ने कहा कि बिजली संकट को लेकर बिजली विभाग को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। बार बार फोन करने के बाद भी कोई नहीं सुन रहा है जिससे गुस्साए लोगों ने बिजलीघर पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।



बिजली घर पर हंगामा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बिजली न आने से 108 गांव के लोग प्रभावित

**विजय नगला, अमृत विचार** : सोमवार को सुबह पांच बजे करीब घंटे तक बारिश हुई। बारिश का पानी बिनाबर बिजली घर में भर गया। पानी भरते ही बिजली घर से बिजली की सप्लाई रोक दी गई। बिनावर बिजली घर से 108 गांवों को बिजली दी जाती है। इन सभी गांवों में गर्मी में लोग बेहाल रहे। 24 घंटे तक सप्लाई ठप रहने से पेयजल समस्या से जूझते रहे। भारी गर्मी से लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो गया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पानी भर जाने से सप्लाई कुछ समय को रोकी गई थी जो अब चालू कर दी गई है।

- बिनावर बिजली घर में भरा पानी सैकड़ों गांव में छाया अंधेरा

### सहसवान में विभाग की मनमानी जारी

**सहसवान, अमृत विचार** : बिजली की अनियमित आपूर्ति, बिना सूचना के कटौती ने जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, बिजली विभाग के अधिकारी न तो खुद कार्य करने को तैयार हैं, न ही कर्मचारियों के प्रति कोई संवेदनशीलता दिखा रहे हैं। लाइनमैनों और अन्य कर्मियों से 24 घंटे काम लिया जा रहा है, जबकि अधिकारियों के कार्यालयों में फोन तक नहीं उठते। नगर की बिजली व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों में जबरदस्त रोष है। सहसवान के आसपास के सैकड़ों गांवों में दो दिन से सप्लाई ठप है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने निकाला पैदल मार्च

**बदायूं, अमृत विचार** : अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक मालवीय आवास गृह पर हुई। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंडल अध्यक्ष मोरश्री गुप्ता और जिला संरक्षक विनोद कुमार सक्सेना ने कहा कि पीएलआई पर पैसे की वसूली बंद होनी चाहिए। खजाना देवी ने बताया कि रिचार्ज का पैसा मिलना चाहिए और नया मोबाइल भी दिया जाना चाहिए। इससे कार्य करने में आसानी होगी। बैठक के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांग थी कि विभाग द्वारा अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। सेवानिवृत्ति होने पर पांच लाख दिए जाएं। आदि मांगे को जल्द स्वीकार करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष कुमकुम जौहरी, शशि रानी सक्सेना, प्रवेश कुमारी चौहान, शोभा वर्मा, महेश कुमारी चौहान, चांद वी, तोषी सक्सेना, नीलम सिंह, मनोरमा देवी, अनीता देवी, उर्मिला सिंह, प्रीती शर्मा, अनीता, सुनीता आदि लोग मौजूद रहे।

# सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप, डीएम ने बैठाई जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रधानों से निर्माण कार्यों का भुगतान करने पर कमीशन मांगने का लगाया आरोप

**अमृत विचार** : ब्लॉक कौल्हाई में कार्यरत सचिव पर प्रधानों ने भ्रष्टाचार सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। डीएम ने सीडीओ को जांच कराने के आदेश दिए हैं।

गांव चतुरा नगला की प्रधान हसन प्यारी, कौल्हाई की मीना देवी, दरियापुर की अनीता देवी, सहसपुर बल्लू की श्योराज और मुड़सान की ग्राम प्रधान गर्जन सिंह ने डीएम से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपा। इसमें प्रधानों ने सचिव भानु प्रताप सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। प्रधानों का कहना है कि गांव में कराए गए विकास कार्य का भुगतान सचिव ने नहीं किया है। भुगतान करने की मांग पर कमीशन की मांग की जा रही है। गोशाला में कार्यरत केटर टेकरों का कई माह से मानदेय नहीं दिया गया है। कौल्हाई गोशाला से पिछले साल गोबर, खाद की बिक्री की गई थी। इसकी बिक्री करने पर ग्राम पंचायत को 88 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई थी। उस धनराशि को खाते में जमा कराया गया था। गोशाला में प्रकाश व्यवस्था के लिए जनरेटर की खरीदारी होनी है, लेकिन सचिव बैंक खाते से धनराशि को नहीं निकाल रहे हैं। आवास सर्वे के दौरान भी सचिव ने पात्रों को छोड़कर अपात्रों का चयन कर लिया। गांवों में तमाम विकास कार्य होने हैं, लेकिन सचिव की भ्रष्टाचार नीति के कारण कार्य नहीं हो पा रहे हैं। प्रधानों ने डीएम से सचिव का ट्रांसफर कराने की मांग की। डीएम ने सीडीओ को जांच के आदेश दिए हैं।


ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586


# गंगा का जलस्तर बढ़ने से पहले किया सतर्क

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नरौरा से 6782 क्यूसेक पानी छोड़ा, गंगा किनारे दुकानें हटाने के निर्देश

**अमृत विचार** : बारिश का पानी बढ़ जाने से कछला गंगा का जल स्तर बढ़ने लगा है। जलस्तर और बढ़ने की संभावना के चलते कछला गंगा किनारे दुकान लगाने वालों को सतर्क कर दिया गया है। उसहैत के जटा गांव में के निकट वह रही गंगा में पानी बढ़ने से चिंता व्यक्त की गई है।

पिछले दो दिन से गंगा के जल में वृद्धि देखी जा रही है। नरौरा से मंगलवार को 6 हजार 782 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। साथ ही बारिश का पानी भी गंगा की धार से मिल गया जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कछला गंगा किनारे दुकान लगाने वालों को किनारे से हटने को कहा गया है। गंगा के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग दुकान लगाते हैं। इन दुकानदारों को पानी बढ़ने की संभावना के चलते हटा दिया जाता है।



उसहैत क्षेत्र में गंगा में बाढ़ का पानी।

> शासन से निर्धारित 15 जून तक की तिथि से पहले ही सभी आठों बांधों की मरम्मत पूरी कर ली है। अब यदि कभी भी बारिश हो जाए तो कोई दिक्कत नहीं होगी। तटबंधों पर पुख्ता कार्य किया गया है। फिलहाल जलस्तर कुछ बढ़ा है इससे कोई खतरा नहीं है। यदि बारिश अधिक होती है तो ऊपर से पानी छोड़ा जाएगा तब गंगा का जलस्तर ऊपर आ जाएगा। – **निमेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

मंगलवार को दो दर्जन से अधिक दुकानदारों को हटाया गया। सहसवान की महावा नदी से होता हुआ पानी सीधे कछला से उसहैत क्षेत्र में पहुंचता है। उसहैत इलाके में जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण चिंतित हैं। लोगों ने कहा कि अभी बारिश भी नहीं हुई है फिर भी पानी बढ़ने लगा है। बारिश होने पर स्थिति और गंभीर हो जाएगी। जटा गांव के लोगों ने बताया कि गंगा में पानी बढ़ते ही उनके सामने एक नई चुनौती तैयार हो जाती है। बारिश में हर साल बाढ़ की समस्या झेलनी पड़ती है।

बाढ़ खंड ने अपने सभी बांधों की मरम्मत 15 जून को पूरी कर ली। बारिश से पहले ही काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। उसी के तहत रात दिन काम किया गया। सभी तटबंधों की मरम्मत की जा चुकी है। बारिश होने या ऊपर से पानी छोड़े जाने पर अब कोई खतरा नहीं है। सभी बांधों को इस बार पत्थर डाल कर बनाया गया है। जिससे बाढ़ में बांध की मिट्टी कटने की संभावना न रहे।

# बारिश के बाद बढ़ी उमस ने लोगों को किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बीते सोमवार को हुई बारिश ने उमस बढ़ा दी। तेज धूप और उमस की वजह से लोग पसीना पसीना हो गए। चल रही गर्म हवाओं के थपेड़े ने परेशानी और बढ़ा दी। बारिश के बाद तापमान में स्थिरता देखी गई। मौसम विभाग द्वारा जारी की सूचना के चलते प्रशासन ने तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना को व्यक्त करते हुए अलर्ट जारी किया है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो कि सामान्य से दो डिग्री अधिक रहा।

सोमवार को सुबह के समय झमाझम बारिश हुई। मंगलवार को मौसम साफ रहा। बादलों वाली धूप खिली रही। दिन में खिली धूप की वजह से उमस भरी गर्मी बढ़ गई। इसकी वजह से दिन भर लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे। दोपहर के समय तो स्थिति काफी खराब रही। गर्म हवाओं और उमस भरी गर्मी से लोग पसीना पसीना हो रहे थे। धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते रहे। साथ ही प्यास बुझाने और गर्मी से बचाव को ठंडे पेय पदार्थ का सेवन कर रहे। शाम के समय लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। मौसम विभाग द्वारा आंधी और बारिश को लेकर चेतावनी जारी कर दी।


JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420


# महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं



आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करतीं महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने महिलाओं की समस्याओं को सुना गया। उन्होंने वन स्टाप सेंटर और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

महिला आयोग की सदस्य ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा से सम्बन्धित शिकायतों को सुना। अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जन सुनवाई के बाद उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। पीड़िताओं से बातचीत की। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय खेड़ा नवादा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई एवं शौचालय को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रियंका, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, नायब तहसीलदार सदर पूजा वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 साल कांग्रेस के 70 पर पड़े भारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपा ने सरौरा और नेता झुकसा में आयोजित की चौपालें

**अमृत विचार** : केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा गांवों में पंचायतें और चौपाल लगा रही हैं। मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कार्यक्रमों को संबोधित किया। मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने विकास क्षेत्र उझानी के सरौरा में आयोजित चौपाल में कहा कि केंद्र सरकार का 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का रहा है। इन साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। अब तक लोगों को चार करोड़ प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया गया है। 81 करोड़ लोगों को हर महीने पांच किग्रा राशन मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से हर साल 11 करोड़ किसानों को छह हजार रुपये प्रति व्यक्ति सहायता दी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल में भारत दुनिया का सिरमौर बनकर उभरा है।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दातागंज के नेता झुकसा में कहा कि मोदी सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के क्रियांवयन से देश में खुशहाली आई है। मोदी सरकार के इन 11 साल के कार्यकाल में आधारभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। ग्रामीण सड़कों से लेकर बड़े राजमार्गों का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। यह मोदी युग का नया भारत है, जो आत्मनिर्भर बन चुका है। कांग्रेस सरकार के 70 सालों पर मोदी सरकार के 11 साल भारी पड़ रहे हैं।




उझानी के मोहल्ला सरौरा में आयोजित चौपाल को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार


वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com,
M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics)
Sociology, Political Science, Urdu,
Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल 9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177


### आज होगा किसान दिवस का आयोजन

बदायूं, अमृत विचार : उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में बुधवार को होगा।


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## भ्रमण के लिए भेजी जाएंगी छात्राएं, सीखेंगी बोलचाल और रहन-सहन का तरीका

# दूसरे राज्यों की संस्कृति सीखेंगी बा स्कूल की छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत दिया जाएगा छात्राओं को लाभ

**अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्राएं किताबी ज्ञान के साथ साथ देश की विविधता से परिचित होंगी। इसके लिए उन्हें दूसरे राज्यों और शहरों के भ्रमण पर भेजा जाएगा। वह दूसरे प्रांतों और शहरों के भ्रमण के दौरान वहां की संस्कृति, बोलचाल की भाषा, रहन-सहन और वहां के प्रसिद्ध स्थानों के बारे में जानकारी कर सकेंगी। छात्राओं को भ्रमण कराने का लाभ राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत दिया जाएगा।

> कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों की छात्राओं को भ्रमण कराया जाएगा। यह कार्यक्रम अगले माह आयोजित कराया जाएगा। जिसकी तैयारी जल्द ही शुरू की जाएगी। – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें कक्षा छह से आठ तक की 1800 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन छात्राओं को निशुल्क शिक्षा ग्रहण कराने के साथ अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाती है। इन स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ साथ देश की विविधता से भी परिचित कराया जाएगा। राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत छात्राओं को दूसरे राज्यों और शहरों में भ्रमण के लिए भेजा जाएगा। भ्रमण के दौरान छात्राएं उन राज्यों और शहरों की संस्कृति, भाषा और रहन सहन की जानकारी मिलेगी। प्रभारी डीसी बालिका कृष्णा प्रजापति ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों से परिचित कराना है। यह उनके ज्ञान और कौशल को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। साथ ही उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल विकसित होगा।

### विजिट के दौरान होंगी विभिन्न गतिविधियां

डीसी बालिका ने बताया कि भ्रमण के दौरान शैक्षिक, सांस्कृतिक या आर्थिक गतिविधियों शामिल रहेंगी। छात्राएं ऐतिहासिक स्थल, संग्रहालय, कारखानों और उद्योगों का दौरे, उच्च शिक्षा संस्थान, कृषि क्षेत्र, स्थानीय कला और संस्कृति से संबंधित गतिविधियों में भाग लेंगी। यह छात्राओं के लिए अनूठा अनुभव होगा। उन्हें अपने राज्य से बाहर की दुनिया के बारे में जानने और समझने का अवसर भी मिलेगा।

## जंगली कुत्तों के हमले में हिरण घायल

**कादरचौक, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम जोरी नगला में आवारा कुत्तों ने एक हिरण को घेर लिया उस पर हमला कर दिया। हिमांशु गुप्ता ने डॉ. धीरेंद्र को बुलाकर हिरण के जख्मों पर पट्टी कराई। इसके बाद लोगों ने वन विभाग को फोन पर सूचना दी। वन विभाग की टीम हिरण को अपने साथ ले गई। उन्होंने हिरण का इलाज कराने का आश्वासन दिया।



घायल हिरण का इलाज करते ग्रामीण

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

# हाथ से ही उखड़ गई सहसवान से डकारा पुख्ता जाने वाली सड़क

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने खोली पोल, एक्स पर किया पोस्ट, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीडब्ल्यूडी में हो रही धांधली को लेकर कमेंट कर रहे लोग
- नहीं बनाया वेस, मिट्टी के ऊपर ही बनाई जा रही रोड

**अमृत विचार :** सहसवान तहसील क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग सड़कों का निर्माण करा रहा है। निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। ठेकेदार विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मानकों को दरकिनार कर सड़क का निर्माण कर रहे हैं। इसकी पोल पूर्व जिला पंचायत ने खोल दी है। उन्होंने जब गुणवत्ता परखी तो सड़क उनके हाथ से ही उखड़ गई। उन्होंने इसका वीडियो एक्स पर पोस्ट किया गया, जो वायरल हो गया। इस मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपना-अलग ही राग अलाप रहे हैं। उनके अनुसार सड़क मानक के अनुसार बनाई जा रही है।

सहसवान विधानसभा क्षेत्र में करीब 44 सड़कों का निर्माण हो रहा है। इनमें से अधिकांश सड़कें बनकर तैयार भी हो चुकी है। कुछ पर कार्य चल रहा है। सहसवान से डकारा पुख्ता जाने वाली सड़क का निर्माण हो रहा है। किसी कार्यक्रम से लौट रही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव इसी रोड से होकर गुजरी।



हाथ से सड़क को उखाड़ कर देखतीं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव।

> डकारा पुख्ता जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क मानक के अनुरूप ही डाली जा रही है। ठेकेदार ने एक साइड में ऐसे ही कोलतार युक्त बजरी डाली थी, जो हाथ से उखड़ रही थी। सड़क निर्माण में कोई अनियमितता नहीं बरती जा रही है। – **देव पाल सिंह**, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग

उनकी नजर डाली जा रही सड़क के साइड की ओर गई। सड़क पर डाले पत्थर साफ दिखाई दे रहे थे। शक होने पर उन्होंने गाड़ी रोक दी। सड़क की गुणवत्ता परखने के लिए हाथ से ही सड़क को खोद कर देखने लगी। सड़क हाथ से खुद गई थी उसमें गहरा गड्ढा हो गया। ठेकेदार बिना वेस बनाए ही सड़क बना रहा था। इस पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने ठेकेदार से सड़क के मानक के बारे में पूछा, लेकिन ठेकेदार संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फोन सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की जानकारी दी। बताते हैं अधिकारियों ने पूर्व जिला पंचायत को मानक अनुसार सड़क डाले जाने का पाठ पढ़ा दिया। तमाम नियम उन्हें गिना दिए। इसके बाद पूर्व जिला पंचायत ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लोक निर्माण विभाग की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए। एक्स पर डाली गई पोस्ट वायरल हो गई है। जिस पर लोग अपनी अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग में हो रही धांधली को लेकर कमेंट कर रहे हैं।

# बाहर से आए 15 शिक्षकों को धोखाधड़ी का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- उर्दू शिक्षकों ने बनाया था जोड़ा सत्यापन के बाद हुआ खुलासा
- शिक्षकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया नोटिस

**अमृत विचार :** स्थानांतरण पर बाहर से आने वाले 15 शिक्षकों को बीएसए ने धोखाधड़ी में नोटिस जारी किया है। उन्हें स्कूल भी आवंटित नहीं किए गए हैं। उन्होंने जिले से जाने वाले शिक्षकों के साथ जोड़ा बनाया था। जिले में आने पर शिक्षकों के अभिलेख देखने के बाद मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद बीएसए ने कार्रवाई की है।

हाल के दिनों में परस्पर स्थानांतरण नीति के तहत जिले से 142 शिक्षकों का स्थानांतरण दूसरे जनपदों के लिए किया गया है। जिन जिलों में शिक्षक गए हैं वहीं से 142 शिक्षक जिले में आए भी हैं। आने वाले शिक्षकों पदभार ग्रहण कराया जा रहा है। इनमें से 15 शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें पदभार ग्रहण नहीं कराया गया है और न ही स्कूल आवंटित किए हैं। यह सभी शिक्षक उर्दू विषय के हैं। इनके द्वारा जानकारी छिपाकर कूटरचित तरीके से जोड़ा बनाया था। इसकी जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग को तब हुई जब यह शिक्षक अपने शैक्षिक अभिलेख लेकर कार्यालय पहुंचे। उनका सत्यापन करने के बाद पता चला कि यह सभी शिक्षक उर्दू विषय हैं। जिले के किसी भी परिषदीय स्कूल में उर्दू विषय की पढ़ाई नहीं होती है। जिसके कारण उनके पदभार ग्रहण कराने में भी दिक्कत खड़ी होगी। शिक्षकों के कूटरचित तरीके से जोड़ा बनाकर ट्रांसफर लिया गया है। जिस पर बीएसए ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

> बाहर से 15 शिक्षक आएं हैं। सभी ऊर्दू विषय हैं। उन्होंने इसकी जानकारी छुपाई थी। सभी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# पॉलीटेक्निक बिल्सी में विद्यार्थियों को वितरित किए टैबलेट



टैबलेट मिलने के बाद छात्रों के खिले चेहरे।

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक बिल्सी में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करते हुए डिजिटल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि साबिर ने संस्था के चेयरमैन डॉ. सौरभ सिंघल ने तकनीकी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने छात्रों से डिजिटल उपकरणों का सही उपयोग कर स्वयं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मुराद आलम ने किया। अंत में उप-प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप-प्रधानाचार्य राजीव कुमार, प्रोग्राम मैनेजर मुराद आलम, शिक्षकगण, धर्मेंद्र पाल, आकाश पटेल, अंश चौहान, विशाल, सलोनी, करन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय सिंह, ग्राम प्रधान भूरे सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### उर्स में दूर-दराज से पहुंचे जायरीन



**सहसवान, अमृत विचार :** हर साल की तरह इस बार भी नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर में दरगाह शरीफ पर सूफी संत हजरत सैयद लतीफ अहमद शाह का 83वां सालाना उर्स मुबारक श्रद्धा और अकीदत के साथ शुरू हुआ। यह तीन दिवसीय उर्स मुबारक 19 को सुबह 9 बजे कुल शरीफ के साथ समाप्त होगा। हजरत सैय्यद गफ्फार अहमद और माई तोकिरुन्निसा का उर्स भी एक साथ मनाया जा रहा है। उर्स के मौके पर दरगाह को फूलों, चादरों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। कई जनपदों से जायरीन दरगाह पर हाजिरी देने और मन्नत–मुरादें लेकर पहुंचे हैं। उर्स की देखरेख और आयोजन की जिम्मेदारी हजरत सैयद लतीफ अहमद शाह, सैयद हसीब अहमद, सैयद जहीर अहमद, सैय्यद वसीम अहमद पर है।

### पंचायत चौपाल में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां




**बिल्सी, अमृत विचार :** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर मंगलवार को बिल्सी नगर मंडल राजकीय महाविद्यालय की शक्ति केंद्र पर चौपाल ग्रामीण मंडल के चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें भाजपा नेता विवेक राठी, पूर्व पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर व नगर अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां को विस्तार से बताकर नगर वासियों से मोदी व योगी के मिशन को पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के ही नेतृत्व में भारत सुरक्षित है। इस मौके पर गगन राठी, रूप किशोर गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रमोद तोमर, राहुल शर्मा, पीयूष राठी, मधु राठी, सभासद राहुल माहेश्वरी, मनीष सागर, अंकित शर्मा, पवन कुमार, प्रदीप राठौर, अरविंद शर्मा, अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### ऋषभ ने हासिल की नीट में 8061 वीं रैंक



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की दुर्गा कॉलोनी के होनहार छात्र ऋषभ सिंह पुत्र डॉ. सतेन्द्र सिंह ने नीट 2025 में आल इंडिया में 8061 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। ऋषभ की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे नगर व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ऋषव ने 12वीं कक्षा की पढ़ाई आर के पब्लिक स्कूल मुजरिया से की थी। परिजनों ने बताया कि ऋषभ ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया।

### बसपा के दातागंज विधानसभा अध्यक्ष बने अभिषेक



**बदायूं, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिफ खान के दातागंज स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक की, जो बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता आरपी त्यागी की अध्यक्षता में हुई। वरिष्ठ बसपा नेता ने बताया कि दातागंज विधानसभा के कार्यकर्ताओं से बातचीत के आधार पर निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को पदासीन किया जा रहा है। अभिषेक कुमार भारती को दातागंज विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष ने उन्हें नियुक्ति पत्र देकर मनोनीत किया। इस दौरान दर्जन भर कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला कुछ महीने पहले टेंपो से बिल्सी आ रही थी। रास्ते में उसकी पहचान गांव हैबतपुर निवासी ईसार से हो गई थी। ईसार महिला से मोबाइल पर बातचीत करता रहा। 22 अप्रैल को महिला के पति की गैर मौजूदगी में वह घर पर आ गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लोभ लाज के कारण महिला ने अपने साथ हुई घटना को किसी को नहीं बताई। इसके बाद ईसार महिला को जान से मारने की धमकी देता रहा। महिला ने अपने पति को घटना के बारे में बताया। सोमवार को महिला की ओर से आरोपी ईसार के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को बिजनौर-बदायूं राजमार्ग स्थित सतेती चौराहे से दबोच लिया।

### डीपीआरओ ने तीन ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** मंगलवार को डीपीआरओ यावर अब्बास सबसे पहले समदनगर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय व आरआरसी केंद्र देखा। इसके बाद डीपीआरओ अल्लैहपुर समसपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भूसा स्टॉक, टैग व निरीक्षण रजिस्टर देखा। निरीक्षण में कुछ रजिस्टर अधूरे मिले जिनको पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डीपीआरओ ने क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवनगर चिड़िया खेड़ा में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। यहां कुछ कमियां पाई गई। एडीओ पंचायत प्रदीप यादव, सचिव पंकज यादव, अरविंद यादव, ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

## पवन बैंकट लॉन के पास कर्तव्य पटेल की गोली मारकर हत्या करने का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल के हत्यारोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। कुर्मी समाज के लोगों ने मंगलवार को एचपी फील्ड से कैंडल मार्च निकाला। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। शोकाकुल परिवार को सुरक्षा और 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग की। बताया जा रहा है कि हत्या आरोपी शौर्य ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।



मोमबत्ती जलाकर मृतक को श्रद्धांजलि देते कुर्मी समाज के लोग। ● अमृत विचार

गांव बदरपुर और शहर के मोहल्ला शिवपुरम निवासी कर्तव्य पटेल की डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास सुबह साढ़े चार बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी शौर्य ठाकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई, लेकिन अभी तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इसके चलते कुर्मी समाज में खासा गुस्सा है। गांव लखनपुर, बदरपुर, बरातेगदार, गुराई, सिलहरी, दहेमी, मोंगर, बाबट, गुलड़िया, शिकरापुर, अहोरामई, भगवतीपुर, बेला, आमगांव, रायपुर, नगला शर्की, जिरौलिया कुर्मियान आदि के सैकड़ों ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाला और नारेबाजी की। मृतक के परिजनों ने कहा कि हत्या ऐसी जगह हुई जहां से कुछ दूरी पर डीएम, एसएसपी, बिल्सी विधायक के घर हैं। आरोपी को सत्ता पक्ष के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। इसके चलते पुलिस मौन है, जबकि योगी सरकार में ऐसे जघन्य अपराधी को तो एनकाउंटर होना चाहिए। उसके घर पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज करना चाहिए। मृतक के परिजनों का कहना है कि हत्यारोपी एक जनप्रतिनिधि का खास है। उसके खिलाफ कार्रवाई होने पर वह जनप्रतिनिधि उसे बचा लेता है। आरोप है कि सत्ता के प्रभाव से पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ रही है। कैंडल निकालने वालों में सुशांत राठौर, शिवम राठौर, तीर्थेन्द्र पटेल, देवपाल सिंह, भाकियू जिलाध्यक्ष कृपाल सिंह, अंकित पटेल, राहुल पटेल, डॉ. प्रशांत राठौर, मोहित पटेल, अभिनव पटेल, अंकित पटेल, सनी पटेल, जयदेव सिंह, सुनील कुमार, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### हत्यारोपी को बचा रही भाजपा : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि भाजपा कर्तव्य पटेल के हत्यारोपियों को बचा रही है। सत्ता के दबाब में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने आरोपी के जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। कहा कि बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल कर्तव्य पटेल के परिजनों से मिलेगा और उनके दुख दर्द को साझा करेगा। कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यक समाज पर हमले हो रहे हैं। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। मुकेश यादव की हत्या के नामजद आरोपियों से पूछताछ तक नहीं की गई। उझानी मेंथा फैक्ट्री में लगी आग में जलकर मरे मुनेंद्र यादव को आज तक न्याय नहीं मिला। अब कर्तव्य पटेल के हत्यारोपी को नहीं पकड़ा जा रहा है। कहा कि कांग्रेस पिछड़े दलित और अल्पसंख्यक समाज समेत पीड़ितों के साथ खड़ी है। पीड़ितों परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

### सपा मुखिया ने उठाया हत्या का मुद्दा, वीडियो वायरल

हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने का मामला समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव तक पहुंचा है। उन्होंने हत्या का मुद्दा उठाया है। उनका वीडियो वायरल हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि बदायूं में पटेल समाज के नौजवान के साथ अन्याय हुआ है। उसे न्याय मिलना चाहिए। दोषी की जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। कहा कि सरकार में यह देखने को मिल रहा है कि जो सरकार के करीबी लोग हैं उनके लिए कानून व्यवस्था कुछ नहीं है।

## सांसद आदित्य यादव ने भी साधा सरकार पर निशाना

**बदायूं, अमृत विचार :** कर्तव्य पटेल की हत्या मामले में अखिलेश यादव का वीडियो वायरल होने के बाद बदायूं सांसद आदित्य यादव ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि बदायूं निवासी कर्तव्य पटेल, जो अपने दोस्तों के साथ सुबह टहलने निकला था। एक दबंग ने कुछ कहासुनी के बाद गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। डीएम आवास के पास गोली चलना दर्शाता है कि प्रशासनिक प्रभाव वाले इलाकों में भी सुरक्षा की भारी चूक हो रही है। जब एक छात्र, जो केवल टहलने गया था, इस तरह से मारा जा सकता है, तो आम लोगों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। प्रदेश सरकार लगातार कानून का राजा और गुंडाराज खत्म होने के दावे करती है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं उन दावों की पोल खोल देती है।

# कार की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की जान गई

संवाददाता, कुंवरगांव



मृतक झंडू।

- बदायूं-आंवला मार्ग पर कासिमपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** आंवला-बदायूं मार्ग पर कुंवरगांव थाना क्षेत्र में कार ने मोपेड सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक के रेफर करने के बाद परिजन उन्हें बरेली ले जाकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कैली निवासी झंडू (60) पुत्र शिवलाल बेटी के घर कादरचौक के गांव जलालपुर से वापस मोपेड से लौट रहे थे। कासिमपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास आंवला की ओर से तेज रफ्तार से आई कार ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार ने अपनी कार से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने बरेली रेफर कर दिया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। इंस्पेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि डायल 112 पुलिस को हादसे की सूचना मिली थी। अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# खेलते समय बालिका पर गिरी दीवार, दबने से मौत

संवाददाता, बिल्सी

- गांव खुलैट में घर के बाहर खेलते समय हुआ हादसा
- नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर जांच को पहुंचे

**अमृत विचार :** एक मकान की पक्की दीवार खेल रही बालिका के ऊपर अचानक गिर गई। मलबे में दबकर उसकी मौत हो गई।

गांव खुलैट निवासी कासिम अली की बेटी भूरी (12) मंगलवार की शाम अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान गांव निवासी अंजार पुत्र अंसार हुसैन की पक्की दीवार अचानक से धराशायी हो गई। भूरी दीवार के मलबा में दब गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मलबे में दबी भूरी को बाहर निकालने के लिए जुट गए। जब तक गांव वह मलबे से भूरी को बाहर निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव राजस्व टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी की।

## चोरी का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

**विजय नगला, अमृत विचार :** गांव करौलिया में किसान के घर से नौ महीने पहले बंदूक और सोने के जेवर चोरी की घटना का आज तक खुलासा नहीं हो सका है। पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर खुलासे की मांग की है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव करौलिया निवासी सत्यपाल सिंह के घर चोरों ने 20 हजार रुपये, 10 तोला सोने के जेवर, एक लाइसेंसी बंदूक, 19 कारतूस और दो खोखा चोरी कर लिया था। चोरी का सामान बरामद हुआ और न ही चोर पकड़े गए हैं। जिसके चलते सत्यपाल ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया है।

# गर्भवती ने दिया गैलरी में शिशु को जन्म

संवाददाता, उझानी

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती को नहीं किया था भर्ती

**अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं से जमकर अवैध वसूली की जा रही है। रुपये नहीं देने पर मंगलवार को एक गर्भवती को प्रसव कक्ष से निकाल दिया गया। गर्भवती ने अस्पताल की गैलरी में शिशु को जन्म दिया। इसके बाद भी पीड़िता के पति से डेढ़ हजार रुपये ले लिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव कराने वाली महिलाओं से अवैध वसूली की जाती है। यदि रुपये नहीं दिए तो प्रसव नहीं कराया जाएगा। इस तरह की तमाम शिकायतें पिछले कई दिनों से आ रहीं हैं, मगर भ्रष्टाचार में डूबू स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अडौली निवासी सुभाष ने मंगलवार को बताया कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी डिंपी कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी पर भर्ती कराने के लिए पहुंचा। सीएचसी पर मौजूद स्टाफ ने उसे डेढ़ हजार की मांग की। सोमवार रात को सुभाष की पत्नी को प्रसव पीड़ा हो रही थी वह दर्द से परेशान थी, लेकिन स्टाफ ने उसे भर्ती नहीं किया। सुभाष ने बताया कि उसने कुछ कम रुपये दिए तो नहीं दिए और पत्नी को प्रसव कक्ष से बाहर निकाल दिया। प्रसव पीड़ा से तड़प रही डिंपी कुमारी ने अस्पताल की गैलरी में शिशु को जन्म दिया। प्रसव होने के बाद भी स्टाफ नर्स ने डेढ़ हजार रुपये लेकर प्रसूता को भर्ती किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी राजकुमार गंगवार ने बताया कि उन्हें किसी ने शिकायती पत्र नहीं दिया है। यदि शिकायती पत्र मिलता है तो कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की जान गई

**तिलहर।** नजरपुर गौंटिया निवासी राजेश वर्मा अपने घर में अपनी पत्नी स्वाति वर्मा 12 वर्षीय पुत्र विराज वर्मा एवं 8 वर्षीय पुत्र अंश के साथ रहते हैं। राजेश वर्मा ने बताया कि सुबह लगभग 8:30 बजे पुत्र विराज का फोन आया कि मम्मी फांसी पर लटकी है। राजेश ने स्वाति की मौत का जिक्र मोहल्ले में नहीं किया और न ही पुलिस को सूचना दी। उधर, स्वाति के पिता सीतापुर के लहरपुर निवासी घनश्याम रस्तोगी ने बताया कि दोनों में कई बार विवाद भी हो चुका है। सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कई बिंदुओं पर पूछताछ की।

# मासिक बैठक में छाया छुट्टा गोवंश का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दिया धरना, बिजली और पानी की समस्या को लेकर जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अ. ने मासिक बैठक कर किसानों की जमीन के अंश खराब करने, बिजली कटौती और गोवंश का मुद्दा उठाया। जिला प्रशासन से मांग की कि समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर भाकियू अ. ने मासिक पंचायत का आयोजन किया। मासिक पंचायत में मंडल अध्यक्ष सोहनपाल ने कहा कि तहसीलों में किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों की जमीन के अंश खराब किए जा रहे हैं। ठीक करने के नाम पर हजारों की वसूली की जा रही है। किसानों को जन्म व आय प्रमाण पत्र बना कर समय से दिए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब इंडिया मार्का हैंडपंप ठीक किए जाएं।

ग्राम हुसैनपुर करौतिया में घरौनी के कागज किसानों को नहीं दिए गए हैं। इससे परेशानी हो रही है। जिला अध्यक्ष संजीव पटेल ने कहा कि गांवों में किसानों के परिवार के यूनिट



मासिक बैठक करते भारतीय किसान यूनियन अ. गुट के पदाधिकारी।

राशन कार्ड में नहीं जोड़े जा रहे हैं। गांवों में छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इन्हें गोशालाओं में संरक्षित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट बना हुआ है। इन समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में रोहिताश, अमित कुमार, रागेश, देवेन्द्र सिंह, अबरार सैफी, भीमसेन हर प्रसाद, मितान सिंह, विजेन्द्रपाल, अफसर हुसैन, राकेश पाल, धर्मेन्द्र सिंह यादव, नन्दराम शाक्य, सूरजपाल, आर्येंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, तन्नू, आदि किसान मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/ IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# मुहूर्त के कारण अटका तीन वृहद गोशालाओं का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गोशालाओं का निर्माण में खर्च होंगे 4.8036 करोड़ रुपये
- जनप्रतिनिधियों को भूमि पूजन के लिए नहीं मिल रहा समय

**अमृत विचार :** सड़कों और खेतों में विचरण कर रहे गोवंश को संरक्षण करने के लिए तीन वृहद गोशालाओं का निर्माण होना है। इसकी शासन स्तर से मंजूरी बीते साल दिसंबर में मिल चुकी है। भूमि पूजन जनप्रतिनिधियों को करना है, लेकिन छह माह बाद भी जनप्रतिनिधियों को सही मुहूर्त न मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

जिले में हजारों की संख्या में गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। यह गोवंश लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। सड़कों और खेतों में विचरण करने वाले इन गोवंश को संरक्षण करने के लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन वृहद गोशालाओं का निर्माण होना है।

गोशालाओं का निर्माण 4.8036 करोड़ रुपये से होना है। ब्लॉक म्याऊं क्षेत्र के गांव कोड़ा जयकरन, ब्लॉक समरेर के गांव गदरौली और ब्लॉक वजीरगंज के गांव गुठेला में बनाई जानी है। एक गोशाला के निर्माण में 1.6012 करोड़ की धनराशि खर्च होनी है। गोशालाओं के निर्माण के लिए शासन की ओर से बीते साल दिसंबर की दो तारीख को दी गई थी। इन गोशालाओं का निर्माण कार्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा भूमि पूजन बाद किया जाना है, लेकिन छह माह बाद भी जनप्रतिनिधियों को इतना समय नहीं मिल सका कि वह भूमि पूजन कराकर गोशालाओं का निर्माण कार्य शुरू करा सके। शुभ मुहूर्त न मिलने के कारण गोशालाओं का निर्माण कार्य अटका हुआ है। इनके न बनने से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फसलों की रखवाली करने के लिए उनका दिन और रात खेतों पर ही बीत रहा है।

### 400 की क्षमता वाली होगी एक गोशाला

1.6012 करोड़ की लागत से बनने वाली वृहद गोशाला में करीब 400 गोवंश संरक्षित हो सकेंगे। गोशाला में गोवंश के लिए सभी सुविधाएं होंगी। हरे चारे की व्यवस्था के लिए चारा बुवाई का काम भी गोशाला की भूमि पर होगा।

> तीन गोशालाओं का निर्माण फर्म को करना है। इनका निर्माण कार्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा भूमि पूजन के बाद किया जाएगा, लेकिन अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने समय नहीं दिया है। इससे भूमि पूजन नहीं हो पा रहा है। जनप्रतिनिधियों से भूमि पूजन के लिए समय मांगा है। तिथि निर्धारित होने के बाद भूमि पूजन कराया जाएगा।
> – **इंद्रजीत, अवर** अभियंता, सीएलडीएफ

### हाईटेंशन का तार टूटा, बच्चा झुलसा

**उसावां, अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र के गांव कलक्टरगंज में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेत में लगी बाड़ के ऊपर गिर गया। गांव निवासी जगपाल का छह साल का बेटा पंकज करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं-फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# 10 बार से अधिक चालान वाले वाहन होंगे जब्त

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला अधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक के दौरान गत माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई, इस दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की पहचान की जाए और दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों व तीव्र मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक तथा साइन बोर्ड आदि की अनिवार्य रूप से व्यवस्था कराई जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे वाहन, जिनके 10 बार से अधिक चालान हो चुके हैं, उन्हें थाने में खड़ा कर जब्त किया जाए,


बैठक में डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार।

साथ ही नियमित रूप से वाहनों की जांच के साथ-साथ औचक चेकिंग अभियान भी संचालित किए जाएं। उन्होंने हाईवे पर बने अवैध कटों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे अवैध कटों को बनाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। अटसालिया मोड़ के नीचे बनी सड़क के चौड़ीकरण की जांच कर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने प्रमुख दुर्घटना स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बरेली हाईवे, कटरा, अल्लागंज, मदनापुर, शाहजहांपुर-पुवायां-खुटार मार्गों पर गोवंश की मौजूदगी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर गोवंश न दिखाई दे यह सुनिश्चितता की जाए।

सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र दोपहिया वाहनों पर हेलमेट का

- **तीव्र मोड़ों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक, साइन बोर्ड भी लगाने के निर्देश**

प्रयोग शत-प्रतिशत अनिवार्य कराए जाने, ओवरलोडिंग तथा बिना लाइसेंस के वाहन संचालन को सख्ती से प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश भी डीएम ने दिए। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर बड़े चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी महेन्द्र पाल, एआरटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में अजीत ने किया टॉप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम मंगलवार की दोपहर जारी कर दिया गया। इसमें शाहजहांपुर के तिलहर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी रमेश कुमार शर्मा के पुत्र अजीत शर्मा ने जिला टॉप करते हुए प्रदेश की सूची में छठा स्थान पाया है। अजीत पीसीएस और प्रवक्ता पद के लिए तैयारी कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री करने वाले रमेश व गृहिणी पुष्पा के पुत्र अजीत ने 400 में 327.325 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने एसएस लॉ कॉलेज में परीक्षा दी थी। रिजल्ट आने पर उन्होंने प्रदेश में टॉपकर अपनी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को परखा है

## खाटू श्याम क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कलान, अमृत विचार:** जलालाबाद प्रतापनगर टीम और रुकनपुर टीम के बीच हो रहे खाटूश्याम क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष जीवेंद्र वाजपेयी ने फीता काटकर किया। उन्होंने रुकनपुर की टीम के हैड सचिन को मेडल पहनाकर और ट्रॉफी देकर के सम्मानित किया।

विकास खण्ड कलान की ग्राम पंचायत रुकनपुर में चल रहे रुकनपुर प्रीमियर लीग सीजन 2 के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में जलालाबाद की प्रताप नगर और रुकनपुर की टीम के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक नरेन्द्र गुप्ता उर्फ खरगू, अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य, कोषाध्यक्ष अनमोल सक्सेना, सनी गुप्ता, रिंकू राज, मुदस्सिर आदि उपस्थित रहे।

# योग करने से नहीं होती कभी छोटी मोटी बीमारियां


भगवानदास पैलेस में योग करते लोग। • अमृत विचार

**उझानी, अमृत विचार :** कस्बे में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को पंडित भगवान दास पैलेस में किया गया। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री बीएल वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए योग अति आवश्यक है। योग शिविर में पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार की योगिनी द्वारा योग क्रिया की जानकारी दी गई। बताया योग शरीर को स्वस्थ और निरोग रखता है। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, गिरीश पाल सिंह, राजन मेहंदीरत्ता, प्रभात राजपूत, राहुल शंखधार, अरविंद शर्मा, डॉ. आलोक गुप्ता, पंडित किशन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सहयोग संस्था का कार्य सराहनीय: डॉ. मोहन



**शाहजहांपुर।** सहयोग संस्था के उपाध्यक्ष शिवम वर्मा व सरदार हरजीत सिंह ने डॉक्टर संगीता मोहन की ओर से किए जा रहे समाज सेवा कार्यों को लेकर संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र सौंपा। संस्था की नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को संगीता मोहन ने बधाई दी।

### केवाईसी करने पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकत्री हुई बेहोश




**दातागंज, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना विकासखंड दातागंज में पोषण टेकर एप पर लाभार्थियों की फेस आईडी से केवाईसी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कराई जा रही है। भीषण गर्मी में केवाईसी करने पहुंची एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहोश हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। सीडीपीओ दातागंज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से फेस आईडी से केवाईसी करा रहे है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर घर जाकर केवाईसी कर रही हैं। इससे उन्हें बेहद दिक्कत हो रही है। गर्मी में आंगनबाड़ी बीमार हो गई, जो ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में भी नहीं पहुंची। अब तक कई आंगनबाड़ियां बीमार हो चुकी हैं। मंगलवार को आंगनबाड़ी सरोजनी देवी भीषण गर्मी में बेहोश हो गई। उसे दातागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। बीमारी के चलते चार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अवकाश ले लिया। ग्राम कलाकंद में तैनात आगनबाड़ी कार्यकत्री गीता यादव ने तबीयत खराब होने पर अवकाश ले लिया। दातागंज की सीडीपीओ मंजू वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश के ब्लॉक स्तर पर चल रहा है। नेटवर्क स्लो होने की शिकायतें आ रही हैं। जिन आंगनबाड़ियों को फेस आईडी बनाने में दिक्कत हो रही है उनके परिजन भी कार्य में सहयोग कर रहे हैं। बैठक में चार आगनबाड़ी कार्यकत्री नहीं आई। तबीयत खराब होने की उन्हें जानकारी नहीं है।

### महिला सिपाही ने रजत पदक प्राप्त करके पुलिस का नाम किया रोशन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस विभाग की महिला सिपाही वर्षा त्यागी ने इंडिया पुलिस कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 में पंजाब में भाग लिया था। महिला सिपाही ने कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया था। एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में पदक जीतकर आई महिला सिपाही वर्षा त्यागी को 10 हजार रुपये, एक ट्रैक सूट, एक जोड़ी शूज, कबड्डी किट प्रदान करके सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग को गर्व है कि उसकी महिला शक्ति इस प्रकार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर एएसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ प्रशिक्षु, प्रतिसार निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### भाकिमयू का धरना 10वें दिन भी जारी



**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी का 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चीनी मिल मैदान पर दिया जा रहा धरना मंगलवार को तीसरे दिन जारी रहा।इस दौरान यूनियन के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि तीन दिन बीतने पर भी किसी भी सक्षम अधिकारी ने किसानों की सुध लेने की जरूरत नहीं समझी। उन्होंने कहा छुट्टा पशु समेत खाद पर महंगाई आदि समस्याओं का समाधान होने तक धरना जारी रहेगा। धरने पर सुरेश सिंह, जगदीश सिंह, नेत्रपाल, देवेंद्र मोर्य, नरेंद्र पाल आदि बैठे।

# योग विचारों को भी स्वस्थ रखने में सहायक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हर वर्ष की भांति इस बार भी पुलिस लाइन मैदान पर पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। प्रशिक्षित योग सेवक सचिन भारद्वाज यशोधन ने सभी यौगिक क्रियाएं सम्पन्न करवाईं। मंगलवार को प्रथम दिवस आरआई पुलिस लाइन इंद्रजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित करके योग शिविर का शुभारंभ किया।

योग सेवक ने बताया कि योग केवल आपके तन को ही स्वस्थ नहीं रखता, बल्कि हम सबके मन और विचारों को भी स्वस्थ रखने में सहायक होता है। नियमित योग एवं आसन करने से हमारा शरीर लचीला बनता है। योग करने से रोग


पुलिस लाइन में योग करते लोग। • अमृत विचार

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उपस्थित पुलिस कर्मियों को भजन के साथ यौगिंग -जॉगिंग करवाई। इस अवसर पर समस्त पुलिस स्टाफ ने योग करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

**जिला कारागार में कैदियों को कराया योग :** योग सप्ताह के तहत मंगलवार को जिला कारागार में बंदियों कैदियों को योग कराया गया। जिला कारागार में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में योग प्रशिक्षक गुंजन एवं योग प्रशिक्षक योगेश शर्मा द्वारा योग अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक गुंजन ने कहा कि आप लोग सुबह को योग करें जिससे शरीर स्वस्थ रहेगा। निरोगी शरीर बनाने को योग आवश्यक है। बताया कि योग करने से शरीर की सभी नसों में रक्त संचार होता है। जिससे पाचन क्रिया भी ठीक रहती है। करीब 200 कैदियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं में स्वयं को ढाला। इस मौके पर जेल प्रशासन के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शादी के 18वें दिन प्रेमी के साथ भागी पत्नी, वियोग में पति की जान गई

**दातागंज, अमृत विचार :** दातागंज में शादी के 18वें दिन पत्नी ससुरालीजनों को नशा देकर नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गई। पति को पता चला तो वह सदमे में आ गया। उसने एक सप्ताह तक न कुछ ठीक से खाया और सोया है। पानी तक नहीं पीया। इसके चलते सातवें दिन उसकी मौत हो गई। मृतक की मांग ने शासन से न्याय की गुहार लगाई है। मामला कस्बा दातागंज का है। यहां रहने वाले रमेश की शादी 22 अप्रैल 2025 को हुई थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद सब ठीक चलता रहा, लेकिन फिर रमेश की पत्नी घंटों तक किसी से फोन पर बात करती थी। रमेश के विरोध करने पर मायका पक्ष से बात करने का बहाना बनाती थी। इसके बाद वह मजदूरी करने के लिए 22 मई को पंजाब चला गया। इसके बाद रमेश की पत्नी ने अपने प्रेमी को कई बार घर पर बुलाया। आरोप है कि 10 जून को पत्नी ने ससुरालीजनों को नशा दिया और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जानकारी होने पर रमेश घर आया। पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। परिजनों का आरोप है कि एक तरफ उसे पत्नी के जाने का गम था तो दूसरी तरफ उसके ससुराल के लोग उसे धमकाते थे। जिससे वह सदमे में चला गया। आरोप है कि शिकायत पर एसएसआई ने उन्हें भगा दिया। इसके बाद ससुरालीजन ही रमेश को फंसाने की धमकी देते थे। ससुरालीजनों की धमकी और पत्नी के वियोग के चलते रमेश ने खाना-पीना छोड़ दिया था। सोया भी ठीक से नहीं था। आखिर में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई करती तो रमेश की जान नहीं जाती। रमेश के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह दो भाइयों में सबसे छोटे थे। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।


मृतक रमेश।

# अग्निशमन केंद्र का शीघ्र निर्माण पूरा कराएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति बैठक की गई। बैठक में औद्योगिक विकास एवं उससे संबंधित समस्याओं की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि अग्निशमन केंद्र जमौर के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि उसका उद्घाटन निर्धारित समय अनुसार 15 जुलाई को कराया जा सके। रोजा औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की समस्या पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर समुचित साफ-सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

जमौर-गौटिया मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने


डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया गया।

उसकी मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए।मैसर्स रामकिशोरी मुकुट बिहारी लाल शिक्षा ट्रस्ट द्वारा संचालित किडजी एलिमेंट्री स्कूल खिरनीबाग भवन की स्वीकृति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। लघु उद्योग भारती ने बताया कि पलिया-लखनऊ स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य सर्च आईसीएल कंपनी द्वारा किए जाने के कारण उधौपुरा गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है, जिससे ग्रामवासियों और फैक्ट्रियों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। डीएम ने एडीएम वित्त को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और संबंधित मार्ग को आरसीएल कंपनी से बनवाने के निर्देश दिए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, उपयुक्त उद्योग अनुराग यादव व उद्यमी आदि मौजूद रहे।


## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2025-26/451 दिनांक: 17.06.2025

### ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्तें व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपराहन 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपराहन् 2:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नई कम्पलीट WK 1500/30⁰ सेन्ट्रीफ्यूमल मशीन की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 10,0000/- |
| 02. | 20 टन क्षमता के नये शुगर ग्रेडर की आपूर्ति व स्थापना कार्य। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 75,000/- |
| 03. | 150 एच.पी., 250 एचपी एवं 340 एचपी मोटर हेतु वीएफडी पैनल की आपूर्ति एवं स्थापना। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 4,000/- |

अद्योहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबंधक



## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2025-26/452 दिनांक: 17.06.2025

### ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्तें व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपराहन 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपराहन् 3:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 540 एचपी मोटर हेतु रजिस्टेन्श की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 02. | आक्सीजन गैस की आपूर्ति | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 03. | सी.आई./जी.एम. कास्टिंग व कनवर्जन सामानों की आपूर्ति। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 5,000/- |
| 04. | मिल हाईड्रोलिक लाइनर की आपूर्ति। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 05. | सी.आई. स्लूस बाल्ब की आपूर्ति। | 20.6.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 06. | जनरल इलैक्ट्रिकल सामानों की आपूर्ति। | 20.6.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 07. | स्विचमेयर सामानों की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 08. | नये एयर कम्प्रेशर की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 12,000/- |
| 09. | नये वैक्यूम पम्प की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 6,000/- |
| 10. | कापर लाइनर एवं एस.एस. वायरनेटिंग की आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 11. | डी.जी. सैट एएमसी एवं स्पेयर्स आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 12. | 1500 KW पावर अल्टरनेटर हेतु वाटर रेडियेटर की कनवर्जन पर आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 13. | सीसीटीवी कैमरा एवं स्पेयर्स की आपूर्ति एवं कार्य। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |

अद्योहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता
प्रधान प्रबंधक


# एडीएम ने किया भैंसी नदी क्षेत्र का निरीक्षण

संवाददाता, पुवायां

- **खुदाई कार्य के लिए बड़ी मशीनें लगाने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** भैंसी पुनर्जीवन अभियान के तहत एडीएम प्रशासन ने नदी में चल रहे खुदाई कार्य का निरीक्षण किया और खुदाई कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा पुवायां के पन्नाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने भैंसी नदी में चल रहे खुदाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पिछले पांच दिनों में किए कार्यों की समीक्षा करने पर पता चला कि पिछले पांच दिनों में एक प्वाइंट पर दो जेसीबी के माध्यम से महज 500 मीटर ही खुदाई कार्य हो सका जबकि एक प्वाइंट पर लगभग 2 किलोमीटर से अधिक खुदाई करने का लक्ष्य है। इसको लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने बारिश से पहले ही काम को पूरा करने के निर्देश दिए थे। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार में पन्नघाट, करनापुर व चरखी देवरी पहुंचकर लोकभारती के पदाधिकारी राजीव सिंह समेत तमाम कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर कहा कि काम को जल्द पूरा करें। इसके लिए मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने प्रशासन के माध्यम से बड़ी मशीने उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।



क्षेत्रीय किसान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने कहा कि मशीनें अपनी क्षमता के अनुसार काम कर रही हैं, यदि बड़ी मशीन मिले तो काम और तेजी से हो सकेगा।

-लक्ष्मीकांत त्रिपाठी



ग्रामीण अधीर त्रिवेदी ने बताया कि भैंसी नदी के पुनर्जीवन से आसपास के तमाम ग्रामीणों व पशु पक्षियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

-अधीर त्रिवेदी



गांव बिलसडी निवासी लोकभारती पदाधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि कब्जों की शिकायत पर लेखपाल के द्वारा नाप कराकर खुदाई शुरू कराई जाती है।

-संजय त्रिपाठी



लोकभारती पदाधिकारी जेवां निवासी राजीव सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुवायां में 10 और बण्डा क्षेत्र में 5 मशीनों के माध्यम से खुदाई कार्य कराया जा रहा है।

-राजीव सिंह

## मानसिक विक्षिप्त किशोर लापता

**पुवायां।** नगर निवासी मानसिक विक्षिप्त किशोर घर से लापता हो गया। परिवार के काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित परिवार ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला कुरगंजा निवासी मुकेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा प्रभात उम्र लगभग 17 वर्ष, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। 5 जून से घर से लापता है।


लापता प्रभात का फोटो।

## बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट, इलाज के दौरान मौत

**बरेली, अमृत विचार** : तुलाशेरपुर निवासी सतेन्द्र ने बताया कि 14 जून को दोपहर करीब 2 बजे उनकी माता निछोत्रा कली (60) घर पर सो रही थीं। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी गजेन्द्र, उसकी पत्नी सुषमा और बेटे अंकुल ने मिलकर हंगामा किया। गजेन्द्र और सुषमा ने अभद्रता करते हुए मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। अंकुल ने एक बड़ा पत्थर उठाकर उनकी मां के ऊपर फिंकवा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है।

## घंटों देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ट्रेनों की लेटलतीफी से मंगलवार को भी यात्रियों को परेशान होना पड़ा। बरेली जंक्शन पर दर्जन भर से अधिक ट्रेनों घंटों की देरी से पहुंचीं। सबसे खराब स्थिति लंबी दूरी की ट्रेनों की रही, जो छह से अधिक घंटे की देरी से पहुंचीं। जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक 14 घंटे की देरी से 03221 उदयपुर स्पेशल पहुंची।

इसके अलावा 04019 आनंद विहार 12 घंटे, 12203 गरीबरथ 11 घंटे, सहरसा स्पेशल 7 घंटे 20 मिनट, 15001 देहरादून एक्सप्रेस 5 घंटे 30 मिनट, 19602 उदयपुर एक्सप्रेस 5 घंटे और 19270 पोरबंदर एक्सप्रेस 4 घंटे 45 मिनट की देरी से बरेली पहुंचीं। इसके अलावा 12209 काठगोदाम एक्सप्रेस दो घंटे, 15211 जननायक एक्सप्रेस एक घंटा 20 मिनट और 15075 त्रिवेणी एक्सप्रेस 45 मिनट की देरी से जंक्शन पहुंची। ट्रेनों के लेट होने पर यात्रियों ने जंक्शन पर शिकायत की तो उन्हें न तो समय पर सही सूचना दी गई।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ खंडों में तकनीकी काम, बारिश और अन्य ऑपरेशनल कारणों से ट्रेनों की गति प्रभावित हुई है। स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अगले कुछ दिनों तक और भी ट्रेनें प्रभावित रह सकती हैं।

**झील गौटिया अभयपुर अंडरपास में भरा पानी**

लालफाटक के पास झील गौटिया अभयपुर कैंप के पास बने अंडरपास में पानी भरने से यातायात प्रभावित हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर रेलवे अधिकारियों ने अंडरपास से पानी को पंपिंग सेट लगाकर निकलवाया।

**जंक्शन पर वेटिंग हॉल का एसी न चलने की शिकायत**

रजत पांडेय ने बरेली जंक्शन परिसर स्थित वेटिंग हॉल में एसी न चलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एसी वेटिंग हॉल में ठहरने के लिए उनसे 30 रुपये शुल्क लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसी को ठीक कराया।

काठगोदाम एक्सप्रेस के बरेली से लखनऊ रवाना होते समय एक यात्री ने टीटी पर रिश्वत लेकर सीट देने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया। रेलवे अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए टीटी के विरुद्ध जांच बैठा दी है। आरोप पुष्ट होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## शाहजहांपुर के युवक को कार में लिफ्ट देकर चार बदमाशों ने लूटा, हाईवे पर फेंका

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव हसौआ निवासी रामवीर ने बताया कि वह रविवार देर रात गुरुग्राम से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब चार बजे वह सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। जहां पर एक ठेले से मिठाई लेकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहा कि वह कार लेकर जा रहा है। वह चाहे तो उसके साथ चल सकता है। उसने बीसलपुर तक जाने को कहा और उसके बाद वह उसकी कार में बैठ गया। जैसे ही कार सेटेलाइट से निकली तो उसका रूट बदल गया। रामवीर ने गलत दिशा में जाने का विरोध किया तो कार सवार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारा पीटा और लूट लिया।

## पीजी डिप्लोमा कोर्सों के लिए आवेदन शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पीजी डिप्लोमा और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

पीजी डिप्लोमा इन वुमन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म और पीजी डिप्लोमा इन योगा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जो शुल्क निर्धारित किया गया है, उनमें वुमन एंपावरमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप और योगा कोर्सों का शुल्क प्रति सेमेस्टर 4000 रुपये है, जबकि मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म पाठ्यक्रम की फीस प्रति सेमेस्टर 20,000 रुपये निर्धारित की गई है। सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि एक वर्ष होगी और प्रत्येक कोर्स में 40 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा प्रत्येक पाठ्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए चार सीटें आरक्षित रखी गई हैं।

## तार टूटकर गिरने से बाइक सवार दंपती उलझ कर गिरे

**बरेली, अमृत विचार :** सड़क पर बाइक सवार दंपती के ऊपर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे दोनों उसी में उलझकर गिर गए। थाना देवरनियां के गांव गुनाह हट्टू के रहने वाले हजारी लाल (45) अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ बाइक से बहनोई के गांव कटैय्या से मंगलवार दोपहर घर लौट रहे थे। अचानक थाना हाफिजगंज के गांव भंडसर में जानकी देवी फार्महाउस के किनारे लगे खंबे से घरेलू कनेक्शन का तार टूटकर उनके ऊपर गिरा और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया।

### कार्यालय ग्रा.पं. बालपुर विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक : निविदा/विज्ञाप्ति/2025-26 — 17.06.2025

**अल्पकालीन निविदा**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2024-25) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत बालपुर विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20.06.2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इस दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | गौशाला में भूसा घर नि कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 2. | काली रोड से राकेश के घर तक नाली सीसी नि कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 3. | भीकम के प्लॉट से सुरेंद्र के घर तक नाली सीसी नि. कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |

सचिव — प्रधान

### कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूं)

पत्रांक: 55/23/न.प.परि.दातागंज/2025-26 — दिनांक: 17.06.2025

**संशोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 30/न.पा.परि.दा./2025-26 दिनांक 20.05.2025 के द्वारा 08 कार्यो की ई-निविदायों में क्रम संख्या 01 अंकित कार्य को निरस्त किया जाता है। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा दिनांक 17.06.2025 के स्थान पर दिनांक 24.06.2025 समय सायं 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो कि अब दिनांक 25.06.2025 को अपराहन् 02 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http:e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद दातागंज
जनपद बदायूं

### हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम - शान्तनु प्रताप सिंह-9918837339, सीआरएम-दीपक कुमार शर्मा - 9359650607

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एनपीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001755 श्री अंकित शर्मा, वार्ड नं. 4 कुन्दनपुर, गौटिया बरखेरा कलां बरखेरा काटा पीलीभीत, शहरी, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262203 श्री अवनीश कुमार 098 कुन्दन पुर गौरिया बरखेरा, बसिवपुर बरखेरा काटा पीलीभीत, शहरी, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, भारत - 262203 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2025 | 10-06-2025 / ₹ 1022258/- दिनांक 09.06.2025 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खेत 102 ग्राम-भोपतपुर, तहसील - बीसलपुर, जिला-पीलीभीत, उ.प्र |
| 2 | UP/LKN/BRLY/A000000974 श्री जयेन्द्र कुमार एवं श्रीमती कलावती कलावती, दोनोंः 11/242, महादेव पुरम पूर्व, रामलीला, बहेरी, सेमीअर्बन, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243201 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2025 | 10-06-2025 / ₹ 5595635/- दिनांक 09.06.2025 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा 411 का भाग, बहेरी खास, परगना चौमहेला, तहसील-बरेली, उ. प्र |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000001305 श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह तोमर और श्रीमती मेघना नागपाल, दोनोंः 144 उत्सव पार्ट 2 महानगर, बरेली, शहरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2025 | 10-06-2025 / ₹ 4483909 दिनांक 09.06.2025 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | फ्लैट नंबर सी-1, तीसरी मंजिल, छावनी असरफ खान, न्यू शक्ति नगर, तहसील और जिला-बरेली |
| 4 | UP/LKN/BRLY/A000001846 सुश्री आरती सक्सेना एवं श्री गोविंद सक्सेना, दोनोंः 265 काली चरण मार्ग, सुभाष नगर बरेली, बरेली, काली चरण मार्ग, ग्रामीण, बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत - 243001 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 03-06-2025 | 10-06-2025 / ₹ 1013592/- दिनांक 09.06.2025 तक +ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खेत नंबर 776, नेकपुर (सुभाषनगर) तहसील एवं जिला-बरेली |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 17.06.2025, स्थान : बरेली — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत

पत्रांक: मु.चि.अ./अनुरक्षण/विद्युत/सिविल/2025-26 — दिनांक: 13.06.2025

**अल्पकालीन ई-टेण्डर विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग जनपद पीलीभीत में विश्व बैंक पोषित/वाह्य सहायतित/ राज्य पोषित अन्य सभी योजनाओं के अन्तर्गत संचालित होने वाले तालिकानुसार विभिन्न कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग प्रणाली में दी गयी व्यवस्थाओं के अनुसार ई-निविदायें दिनांक 23.06.2025 तक अपराहन्12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें जिला निविदा समिति के समक्ष सदस्यों की उपस्थिति में निविदा प्रपत्र में निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार खोला जायेगा। निविदादाता द्वारा वेबसाइट http://etender.up.nic.in का प्रयोग करते हुए निविदा ऑनलाईन अपलोड की जायेगी। किसी भी समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला निविदा समिति को सुरक्षित रहेगा। निविदा स्वीकृति हेतु निविदा खोले जाने की तिथि से 90 दिन तक वैद्य रहेगी। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् निविदादाता की अनुमोदित लागत की 10 प्रतिशत धनराशि जमानत धनराशि के रूप में जमा करनी होगी। प्रत्येक निविदा हेतु फार्म मूल्य भारती स्टेट बैंक, मुख्य शाखा पीलीभीत में जिला स्वास्थ्य समिति पीलीभीत के नाम संचालित डी.एच.एस. पीलीभीत यू.पी. एन.एच.एम. आई.ए.ए.सी. खता संख्या 40283051384 IFSC Code SBIN0000699 में जमा कर मूल जमा रसीद की स्कैन कॉपी निविदा के साथ ऑनलाइन अपलोड किया जायेगा। नगद भुगतान किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा। प्रत्येक निविदा तथा निविदा के साथ वांछित समस्त प्रमाण पत्र मूल / प्रमाणित (निविदा की धनराशि एवं धरोहर धनराशि सहित) निविदा (तकनीकी) खोले जाने की तिथि से पूर्व अपरान्ह 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बिल्डिंग कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार ही मान्य होंगे।

| क्र. | विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | जमानत की धनराशि (लाख रू. में) | निविदा फार्म का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | जनपद पीलीभीत में स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ, आवासीय/गैर आवासीय चिकित्सा भवनों की वार्षिक/विशेष मरम्मत तथा लघु निर्माण कार्य। | 30.00 | 1.00 | 3540.00 |
| 02. | जनपद पीलीभीत में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय/चिकित्सीय फर्नीचर/उपकरणों के अनुरक्षण कार्य एवं विद्युत वायरिंग/रिवायरिंग का कार्य। | 20.00 | 1.00 | 2360.00 |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
पीलीभीत

### कार्यालय ग्राम पंचायत डोहरा, वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली

**सूचना/एजेण्डा**

ग्राम पंचायत डोहरा के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोहरा में सरस बाजार की नीलामी पंचायत भवन कार्यालय डोहरा पर दिनांक 26.06.25 को सुबह 11 बजे की जायेगी। बाजार की नीलामी हेतु नियम व शर्ते निम्न प्रकार है :-

1. सरस बाजार की नीलामी में बोली लगाने हेतु ग्राम पंचायत का निवासी होना आवश्यक है।
2. नीलामी में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति को पिछली बाजार की बोली का 10 प्रतिशत धनराशि का ग्राम पंचायत डोहरा के पक्ष में ड्राफ्ट बोली के समय ही जमा करना आवश्यक होगा, जोकि आवंटन पश्चात् समायोजित कर ली जायेगी।
3. बाजार आवंटन उपरांत बोली गयी पूर्ण धनराशि को 15 दिन के अंदर जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा की स्थिति में आवंटन निरस्त हो जायेगा।
4. गत वर्ष अथवा पूर्व के वर्षो में बाजार की नीलामी जमा न करने वाले डिफाल्टर तथा उनका कोई भी सगा संबंधी बाजार नीलामी में भाग नहीं ले सकेगे।
5. नीलामी संबंधी अन्य शर्तो की जानकारी किसी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान
ग्राम पंचायत डोहरा, वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली।

### ग्राम पंचायत टांडा सादात विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टांडा सादात की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 18.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 19.06.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे खोला जायेगा।

हुस्नबानो-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत राम नगरिया विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राम नगरिया की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 19.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे खोला जायेगा।

सोनी गंगवार-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 18.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 19.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे खोला जायेगा।

यशवन्त सिंह-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत समुहा विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत समुहा की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 19.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे खोला जायेगा।

इशरत जहाँ-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत लाडपुर उस्मानपुर विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाडपुर उस्मानपुर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 18.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 19.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे खोला जायेगा।

नरगिस खातून-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत मौजम नगला विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मौजम नगला की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 19.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे खोला जायेगा।

शकुन्तला देवी-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### ग्राम पंचायत ढकिया खैरुदीन विकास खंड नवाबगंज, बरेली

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढकिया खैरूदीन की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त आयोग, आई सी डी एस, आर जी एस ए एस बी एम एवं मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, स्ट्रीट लाईट, स्थापना अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर, नये हैण्डपम्प, हयूम पाईप क्रय, वॉल पेंटिंग, आंगनबाड़ी निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य, पशु शेड नि. अंत्येष्टि स्थल नि. वृक्षारोपण, कायाकल्प कार्य, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर निर्माण कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप, टोटी स्टेशनरी, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग फॉगिंग कार्य, कूड़ा रिक्शा/कूड़ा रिक्शा,सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत स्प्रे मशीन सफाई किट, मास्क क्रय एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 19.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे खोला जायेगा।

प्रदीप कुमार-प्रधान — बिपिन सक्सेना-सचिव

### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मीरगंज, बरेली

पंत्राक : 589/लेखा/क्षेत्र पंचायत/2025-26 — दिनांक13.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड मीरगंज को प्राप्त क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त/15वॉ केन्द्रीय वित्त की प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जा रही है निविदायें दिनांक 28.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड मीरगंज में रखे निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना वर्ष 2024-25 | स्वीकृति धनराशि लाख में | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम रईया नगला में असलम के धर से नत्थू शाह के धर तक सी.सी./इण्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 9.95 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 2. | ग्राम मनकरा में मा. काशी राम के घर से फुल चन्द्र के खेत तक सी.सी./इण्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 9.96 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 3. | ग्राम नगरिया कल्यानपुर में मेन रोड से सत्यवीर के धर तक सी.सी./इन्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 5.21 | 600 | 10420 | 02 माह |
| 4. | ग्राम खमरिया आजमपुर की गौटिया से सिमराया सम्पर्क मार्ग तक खण्ड व मिटटी कार्य | पंचम वित्त | 9.99 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 5. | ग्राम दियोसास में सूर्य प्रकाश के घर से धनपाल के धर तक सी.सी./इन्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 7.34 | 800 | 14680 | 02 माह |
| 6. | ग्राम हल्दी खुर्द में प्रदीप की जगह से नादर के मकान तक सी.सी./इण्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 2.73 | 500 | 5460 | 02 माह |
| 7. | ग्राम गहवरा में योगेन्द्र सिंह के घर से विजेन्द्र के धर तक सी.सी./इन्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 9.92 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 8. | ग्राम पिपरिया मुस्तकील में जूनियर हाईस्कूल से शनिदेव मन्दिर तक सी.सी./इन्टर लाकिंग | पंचम वित्त | 8.31 | 900 | 16620 | 02 माह |
| 9. | ग्राम सुजातपुर में डामर रोड अंजुम के धर से बब्बन के घर तक खण्डजा व मिटटी कार्य | पंचम वित्त | 9.99 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 10. | ग्राम सिल्लापुर में देव स्थान से कर्बला की पुलिया तक नाला निर्माण | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 7.31 | 800 | 14620 | 02 माह |
| 11. | ग्राम चुरई दलपतपुर में महीपाल के खेत से ब्रम्हपाल के खेत तक नाला निर्माण | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 9.99 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 12. | ग्राम परौरा में प्राथमिक विघालय में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 13. | ग्राम समसपुर में के.एल. पब्लिक स्कूल पर वाटर कूलर का निर्माण | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 14. | ग्राम गुलडिया में के.आर.महाराज पब्लिक स्कूल पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 15. | ग्राम सिधौली में ब्रम्हदेव मढी पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 16. | ग्राम बलुपुरा में ताहिर के कांटे के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 17. | ग्राम चुरई दलपतपुर में गैस गोदाम के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 18. | ग्राम सिंगरा में शिव मन्दिर के पास में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 19. | ग्राम करमपुर में देव स्थान पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 20. | ग्राम गुगई में मस्जिद में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 21. | ग्राम पैगानगरी में नटवीर बाबा महाकालेश्वर मन्दिर पर वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 22. | ग्राम हल्दी में जामा मस्जिद में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 23. | ग्राम बल्लिया में स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 24. | ग्राम परौरा में गंगा पब्लिक स्कूल में वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 25. | ग्राम दियोरिया में इंडियन इलैकिटिक धर्मकांटा चौराहे के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 26. | ग्राम बहादुर प्रथम में रामसरन वर्मा के घर के पास वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (टाईड) | 3.32 | 500 | 6640 | 02 माह |
| 27. | ग्राम दिवना में मेंन रोड से छोटे लाल के घर के पास तक सी.सी./इण्टर लॉकिंग | 15वां केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 9.77 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 28. | ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज में अख्तर खां के मकान से कबिस्थान तक खण्डजा व मिटटी कार्य | 15वां केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 9.97 | 1000 | 19900 | 02 माह |
| 29. | ग्राम दियोसास में शिशुपाल के घर से गुलाब हुसैन के धर तक सी.सी./इण्टर लाकिंग | 15वां केन्द्रीय वित्त (अनटाईड) | 5.17 | 600 | 10340 | 02 माह |

1 निविदा प्रपत्र शुल्क सी.एस.टी. बैंक ड्राफट जो खण्ड विकास अधिकारी मीरगंज के पक्ष में देय होगा 2. इच्छुक विक्रेता फर्म को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नही होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रूपये 100/- के स्टाम्प पेपर शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न कराना होगा। 6. किसी भी बाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 7. निविदा फर्म क्रय किये जाने व सामग्री से सम्बधिंत दिशा निर्देश अधोहस्तक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मीरगंज, बरेली से दिनांक 13.06.2025 से 28.06.2025 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदा मूल्य धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 8. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि की धनराशि 02 प्रतिशत का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी मीरगंज, बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे मे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है जोकि आपूर्ति जांच आख्या के रिपोर्ट के पश्चात गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरान्त वापस की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी
मीरगंज, बरेली। — ब्लाक प्रमुख
क्षेत्र पंचायत मीरगंज

## एक नजर

### ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग की नई योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी निवेश मित्र और यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।



लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

### बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

# हर जिले में बनेंगे योग पार्क

## जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने व सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की योजना

**अमृत विचार :** योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को दो प्रमुख लक्ष्य बनाये गये हैं। शासन की मंशा है कि, योग सप्ताह के इन आयोजनों से नई पीढ़ी में अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रकृति-प्रेम की भावना को नया बल मिले। इसके अलावा, इन गतिविधियों के जरिए स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थान और सरकारी महकमे योग से सामाजिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ें।

## मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

# विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

## अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं।



लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

## बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है।

आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के आरोपों की पुष्टि कर दी है।

# बाइक सवार मां की गोद से छिटकी बच्ची ट्रक के नीचे आई

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार:** मंगलवार को नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर एक बाइक को बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी महिला के गोद से 9 महीने की बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर गिर गई। तभी उसके ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मां भी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई।

वहीं एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया और मां का इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पहुंचे बच्ची के पिता का बार-बार बेटी के पैरों के चूमता रहा। थाना बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताल में परवेज खान (35), जो कि टेलर है अपनी पत्नी परवीन (30) और 9 महीने की बेटी जीनत के साथ रहते हैं। परवेज और परवीन की शादी ढाई साल पहले हुई थी। परिवार में परवेज का एक भाई जावेद है। जावेद भी उसके साथ टेलर का काम करता है। परवेज किसी काम से पत्नी और बेटी के साथ औरैया गया था।

वहां से मंगलवार दोपहर बाइक से तीनों लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक फूफई ओवरब्रिज के ऊपर पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई और उसकी पत्नी परवीन की गोद से मासूम बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर जा गिरी। बच्ची के सड़क पर गिरते ही ट्रक का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। मां-बाप रो-रोकर बेसुध हो गए। सूचना मिलने पर इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची व घायल परवीन को अस्पताल भिजवाया।

वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल परवीन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी के सहारे उसकी तलाश कर रही है। वहीं, सड़क हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों का संचालन सुचारू कराया।



नौ माह की बच्ची जीनत।

- इटावा का मामला, पिता बिलखते हुए मासूम के पैर चूमता रहा फिर बेहोश हो गया

# पिता को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी : हाईकोर्ट

## आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर कोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति कुर्क करने की करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।




### वर्ग पहेली -4 का हल





## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13.34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12.23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।



मेष

आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।



वृष

आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।



मिथुन

आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।



कर्क

आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।



सिंह

आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।



कन्या

आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।




तुला

आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।



वृश्चिक

आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।



धनु

आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।




मकर

आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।



कुंभ

आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।



मीन

आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे– ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

# प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## एक नजर

### भाजपा नेता पर हमले में और चार के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल प. बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए हमले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप है। सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

### अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

**श्रीनगर।** राज्य सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग पहलगाम और बालटाल का इस्तेमाल करते हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर गृह विभाग ने कहा है कि क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत




गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है।

उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं




**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

# देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेंसी

# पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

# 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

# दिल्ली में भारी बारिश से उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मंगलवार को मानसून-पूर्व बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में जलभराव होने से यातायात बाधित हुइर। वहीं, मौसम खराब होने से दिल्ली हवाई अडडे पर अपराह्न 3-4 बजे के बीच 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तन करना पड़ा।

भारी बारिश से दिल्ली के कई इलाके जलमग्न हो गए और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इससे पहले, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए आंधी-तूफान



सड़क पर भरा बारिश का पानी।

के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया था।

आईएमडी ने बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें विशेष रूप से रात के समय बिजली चमकने के साथ तूफान, हल्की से मध्यम वर्षा और 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना जताई गई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आईएमडी ने संभावित प्रभावों और एहतियातन उपायों पर प्रकाश डालते हुए तूफान की चेतावनी भी जारी की। इसने चेतावनी दी कि आकाशीय बिजली गिरने से खासतौर से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। लोगों को घरों के अंदर रहने और यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। तूफान के दौरान बिजली के उपकरणों को बंद रखने की सलाह दी गई है।

## आधार विवरणों को अपडेट करने की मुफ्त सुविधा एक साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** नागरिकों को विशिष्ट पहचान संख्या आधार जारी करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दस्तावेजों को मुफ्त में ऑनलाइन अपडेट करने की सुविधा 14 जून, 2026 तक बढ़ाने की घोषणा की है।

यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मुफ्त सेवा माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उसने आधार धारकों से उनकी जनसांख्यिकीय जानकारी की सटीकता बनाए रखने के लिए विवरण को अद्यतन करने का आग्रह किया। प्राधिकरण ने कहा कि यूआईडीएआई ने लाखों आधार संख्या धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए मुफ्त ऑनलाइन दस्तावेज़ अपलोड सुविधा 14 जून 2026 तक बढ़ा दी है। यह मुफ्त सेवा केवल माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। आधार कार्डधारक पहचान के प्रमाण या पते के प्रमाण के दस्तावेज को इस पोर्टल पर अपलोड करके उसे अपडेट कर सकते हैं।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

## कमल हासन के फिल्म के विवाद में कर्नाटक सरकार को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने पर कर्नाटक सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। न्यायमूर्ति भुइयां ने कर्नाटक सरकार के वकील से कहा,



- कहा- भीड़ को सड़कों पर कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती, ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित

हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए और राज्य को इसकी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करनी चाहिए।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

**लीड्स :** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

**लंदन :** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे



● दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा

**लंदन :** भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है। कार्तिक ने गंभीर के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनकी कप्तानी में केकेआर के लिए खेला भी है।

## कप्तानी नहीं करने के बारे में पहले ही बता दिया था: बुमराह

**लीड्स :** दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से पांच मैचों की इस श्रृंखला को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने हमेशा मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा। फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। इसलिए मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।

### एक नजर

### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन :** ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6(6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर :** भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

- छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना
- भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड) :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया। इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही।

### तैयारी



मुंबई में ग्लोबल टेनिस क्रिकेट लीग के शुभारंभ के दौरान पूर्व क्रिकेटर इकबाल अब्दुल्ला और पीयूष चावला। ● एजेंसी

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन :** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।



## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

- खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।'' उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608.68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव
# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।




### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

### ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ये कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए हैं और 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र, कार्यशाला और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने कहा- ईरान नहीं बना रहा परमाणु हथियार, ट्रंप ने नकारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी संसद के समक्ष गवाही देते समय बताया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है, उसके सर्वोच्च नेता ने स्थगित किए जा चुके कार्यक्रम को पुन: मंजूरी नहीं दी है लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को वाशिंगटन वापस आते समय उड़ान के दौरान अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के इस आकलन को खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, मुझे परवाह नहीं है कि उन्होंने क्या कहा। उनका मानना है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बहुत करीब है। ट्रंप के बयान ने उन्हें खुद के शीर्ष खुफिया सलाहकार के बजाय इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ खड़ा कर दिया है, जिन्होंने परमाणु हथियार संपन्न ईरान को एक खतरा बताया है।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। एजेंसी ने पहली बार नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### तेहरान से 110 भारतीय छात्र सीमा पार आर्मेनिया पहुंचे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से बाहर निकाल लिया गया है और उनमें से 110 लोग सीमा पार कर आर्मेनिया पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास सभी संभव सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से समुदाय के साथ निरंतर संपर्क में है। इसमें कहा गया कि परिवहन के हिसाब से जो लोग स्वयं इंतजाम कर सकते हैं उन्हें भी हालात को देखते हुए शहर से बाहर चले जाने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा, कुछ भारतीयों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में मदद की गई है।

# भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया।



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट

### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

सिपरी ने कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश - अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी का दावा है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

- भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई

**लंदन, एजेंसी**

**पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।**

**सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।**

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत

## रात भर ड्रोन और मिसाइलों से हमला, घरों में सो रहे थे लोग

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

## भारतीय सैन्य टुकड़ी फ्रांस के साथ 'शक्ति' अभ्यास में हिस्सा लेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की एक टुकड़ी द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को फ्रांस रवाना हो गयी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह इस अभ्यास का आठवां संस्करण है जो फ्रांस में ला कैवेलरी के कैंप लारजैक में बुधवार से शुरू होकर एक जुलाई तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी में 90 सैनिक हैं और इसका प्रतिनिधित्व जम्मू कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के साथ अन्य सेनाओं के सैनिक कर रहे हैं। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 90 सदस्य हैं, जिनका प्रतिनिधित्व 13वीं विदेशी सेना हाफ-गेड के सैनिक कर रहे हैं। उद्देश्य सैन्य सहयोग बढ़ाना है।

# नए वीडियो में छत से कूदते दिखे लोग

## विमान हादसा

- पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो
- लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है। विमान दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे।

### डीएनए से 163 मृतकों की पहचान, 124 शव सौंपे गए

अहमदाबाद। अब तक डीएनए मिलान से 163 मृतकों की पहचान कर 124 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा, बाकी शव जल्द ही पहचान के बाद सौंप दिए जाएंगे। जोशी ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती 71 घायलों में से नौ का उपचार जारी है, जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि सिविल अस्पताल से संबद्ध बीजे मेडिकल कॉलेज के दो और एमबीबीएस छात्र दुर्घटना में मारे गए हैं।

### अब तक बोइंग 787 विमानों की 66 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद डीजीसीए के नए सुरक्षा दिशानिर्देशों के कारण अब तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की 66 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, इसमें उसने बोइंग 787 बेड़े पर विशेष ध्यान देते हुए एयर इंडिया के व्यापक संचालन के लिए हाल के परिचालन आंकड़ों की समीक्षा की।

## अध्ययन

सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

### तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।